www.tamsasanket.com

वर्षः 30|| अंक 23 ||अम्बेडकरनगर

मंगलवार

14 अप्रैल 2026||पृष्ठः 08||मूल्यः ₹2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र


मौसम

सूर्योदयः 05:45

सूर्यास्तः 06:29

अधिकतमः 38:00

न्यूनतमः 24:00



पेज 07


विशेष समाचार सूरों की आशा बनकर... >>पेज 04 | किडनी कांड का फरार... >>पेज 06 | 'पैसे के लिए काम नहीं'...


## हिंसक प्रदर्शन, 350 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़, शोरूम के बाहर कारें फूंकी, 150 गाड़ियां तोड़ीं

# नोएडा में वेतन विवाद

बवाल

तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा। नोएडा में सोमवार को फैक्ट्री कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। 9 अप्रैल से सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सैकड़ों कर्मचारी हाथ में डंडे-लाठी लेकर सड़कों पर उतर आए।

कर्मचारियों ने अलग-अलग इलाकों में 350 से ज्यादा फैक्ट्रियों में पथराव, तोड़फोड़ की। 150 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ और करीब 50 से ज्यादा फूंक दीं। पुलिस की गाड़ियां भी पलट दी।

हालात बिगड़े तो कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने उन पर पथराव कर दिया। फिर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, वो रुकेंगे नहीं। कई कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। खास बात है कि इस प्रदर्शन का कोई चेहरा या लीडर नहीं था। 18 से 30 साल के युवा हिंसक प्रदर्शन कर रहे थे।

उधर, योगी सरकार ने जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई है। सीएम ने कहा, औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ में है। पुलिस के मुताबिक, नोएडा का फेज-2 इलाका इंडस्ट्रियल एरिया है। यहां मदरसन, ऋचा ग्लोबल, रेनबो, पैरामाउंट, एसएनडी और अनुभव कंपनियों के 1000 से ज्यादा कर्मचारी सैलरी बढ़ाने को लेकर पिछले 3 दिन से प्रदर्शन कर रहे थे। करीब 500 कर्मचारी मदरसन कंपनी के बाहर जुटे थे। सबसे पहले यहीं हिंसा हुई। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों को पहले ही समझाया गया था कि उनकी मांगों को लेकर जॉइंट समिति की बैठक हो चुकी है। >> (शेष पेज 06 पर)



### फैक्ट्री कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

- हरियाणा में करीब 35% वेतन बढ़ा है। उसी तरह यूपी में भी सैलरी बढ़ाई जाए।
- ओवरटाइम करने पर दोगुना भुगतान मिले।
- बोनस सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाए।
- 4 हर महीने की 10 तारीख तक वेतन और सैलरी स्लिप मिले।
- सप्ताह में एक दिन की छुट्टी रहे। छुट्टी के दिन काम कराया जाए, तो दोगुना भुगतान हो।
- फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों का पूरा पालन हो।

### 60 पर केस दर्ज, 200 लोगों को हिरासत में लिया

नोएडा में हुए श्रमिक बवाल को लेकर एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर राजीव नारायण मिश्रा ने बताया- अब तक 60 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। करीब 200 लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि एफआईआर अभी दर्ज की जा रही है और जैसे-जैसे उपद्रवियों की पहचान होती जाएगी, आरोपियों की संख्या बढ़ती जाएगी।

### कहां और कैसे भड़की हिंसा- आगजनी?

सबसे पहले फेज-2 इलाके में हालात खराब हुए। सुनवाई न होने से कर्मचारी उग्र हो गए। पथराव कर दिया। फेज-2 के बाद धीरे-धीरे प्रदर्शन नोएडा के करीब 10 इंडस्ट्रियल इलाकों और आसपास के जिलों में फैल गया। कर्मचारियों ने नोएडा सेक्टर-57 में 30 से ज्यादा फैक्ट्रियों और दफ्तरों में तोड़फोड़ की। सेक्टर- 40 और 60 में कंपनियों का घेराव किया। सेक्टर 85 में डिक्सन कंपनी का गेट तोड़ दिया। सेक्टर 1, 15, 62 और DND फ्लाइओवर के पास सड़क जाम कर दी। हालात को काबू करने के लिए कुछ इलाकों में RAF और PAC उतार दी गई है। DGP राजीव कृष्ण और ADG (लॉ एंड ऑर्डर) अमिताभ यश कंट्रोल रूम से स्थिति पर नजर रखते हुए हैं। डीजीपी ने कहा है कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### योगी सरकार ने हाई लेवल कमेटी बनाई

यूपी सरकार ने वर्कर्स के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए हाई लेवल कमेटी बनाई है। कमेटी में औद्योगिक विकास आयुक्त अध्यक्ष होंगे, जबकि अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई), प्रमुख सचिव (श्रम) और श्रम आयुक्त सदस्य हैं। श्रमिक संगठनों के 5 और उद्यमी संघ के 3 प्रतिनिधि भी शामिल किए गए हैं। सरकार ने समिति को जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।





### अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील



प्रशासन कर्मचारियों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। कर्मचारियों को समझाने की कोशिशें की जा रही हैं। नोएडा डीएम मेधा रुपम ने कहा- अफवाहों पर ध्यान न दें। कंपनियों के साथ बैठक में अहम फैसले लिए गए हैं। वर्कप्लेस पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति गठित की जाएगी। इसकी अध्यक्ष महिला ही होगी। शिकायत पेटियां रखी जाएंगी। कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा। हर महीने की 10 तारीख तक वेतन का एकमुश्त भुगतान कर दिया जाएगा। वेतन पर्ची अनिवार्य रूप से दी जाएगी।

### हंगामे के बाद सीपी लक्ष्मी सिंह और डीएम मेधा रूपम मौके पर पहुंचीं

नोएडा में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर हुए बवाल के बाद पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और जिलाधिकारी मेधा रूपम सेक्टर-63 और सेक्टर-67 में हालात का जायजा ले रही हैं। संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पूरे मामले की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आम लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है, जबकि अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। >> (शेष पेज 06 पर)

■ नोएडा में श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन और आगजनी की घटना पर यूपी सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। उनकी मांगों पर विचार किया जा रहा है, लेकिन कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।




## 'टीएमसी ने बंगाल के पांच हजार करोड़ गायब किए'

### 9 राज्य और केंद्र सरकार मेरे खिलाफः ममता

जनसभा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ तिरुवनंतपुरम गुवाहाटी/ कोलकाता/ चेन्नई । गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में जनसभा की। उन्होंने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्हें शर्म आनी चाहिए। हमारी सरकार आएगी तो बच्चियां रात 1 बजे भी बाहर निकल पाएंगी। TMC सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कैश फॉर क्वेरी, 26 हजार शिक्षकों की भर्ती, गाय तस्करी और पीएम आवास में TMC ने घोटाले किए। इन घोटालों में बंगाल की जनता के 5000 करोड़ रुपए गायब हो गए। हमारी सरकार बनते ही हम TMC से पाई-पाई का हिसाब लेंगे। UCC (समान नागरिक संहिता) पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम बंगाल में UCC लाएंगे। आज बंगाल में कुछ लोग चार शादियां करते हैं, हमारे कानून बनने के बाद वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। >> (शेष पेज 06 पर)



■ बीरभूम में 11 में से 10 विधायक टीएमसी के

## अल-कायदा मॉड्यूल केस में 3 आतंकियों को उम्र कैद

### कुकर बम के साथ 2021 में पकड़े गए थे

सजा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने अल-कायदा से जुड़े आतंकी मॉड्यूल मामले में फैसला सुनाते हुए 3 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला सोमवार को एडीजे-3/स्पेशल जज जैनेंद्र पांडेय की अदालत ने सुनाया है। कोर्ट ने मामले में मुख्य आरोपी काकोरी निवासी मिन्हाज अहमद, मड़ियांव निवासी मुसीरुद्दीन उर्फ मुसीर और बड़गाम जम्मू-कश्मीर निवासी तौहिद को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। तीनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। >> (शेष पेज 06 पर)



■ मिनहाज अहमद, मुसीरुद्दीन और तौहिद को ठहराया दोषी

■ एनआईए कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला

फास्ट न्यूज

### इस साल मानसून कमजोर रहेगा, अल-नीनो के कारण देरी संभव

नई दिल्ली। देश में इस साल सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, 2026 में मानसून सीजन में देश में करीब 80 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर देश में औसत बारिश 87 सेंटीमीटर मानी जाती है।

जांच प्रक्रिया

### 'बंगाल एसआईआर में जिनके नाम कटे, वे वोट नहीं देंगे'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में उन वोटरों को मतदान की इजाजत देने से इनकार कर दिया, जिनके नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) में काटे गए हैं और उनकी शिकायत अपीलीय ट्रिब्यूनलों में लंबित हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि अगर हम ऐसे वोटरों को वोट डालने की इजाजत देंगे तो उन लोगों के वोटिंग अधिकार छीनने होंगे जिनके नाम SIR लिस्ट में शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि वोटिंग से 10 दिन पहले, इस स्टेज पर चुनाव प्रक्रिया में कोई दखल नहीं देंगे।

### गुजरात में ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचला, 7 की मौत

सुरेंद्रनगर। गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार सुबह लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। घायलों को सुरेंद्रनगर के अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है।

## गृहस्थ नहीं, लेकिन जानता सब हूं : मोदी

### हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं

संबोधन

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महिला आरक्षण बिल पर कहा, 'हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है। इसलिए सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का स्पेशल सेशन लाई है।'

उन्होंने कहा, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बनने जा रहा है। संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान बनने जा रहा है। आज महिलाओं की भूमिका और भी अहम हो गई है। हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।' >> (शेष पेज 06 पर)



■ संसद में 16 अप्रैल से विशेष सत्र भी होगा

### ट्रम्प की धमकी- इसके पास आए ईरानी जहाज तबाह करेंगे, ईरान बोला- भारत से कोई टोल नहीं लिया

# होर्मुज पर अमेरिकी नेवी की नाकाबंदी

घेराबंदी

तमसा संकेत, एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकाबंदी शुरू हो गई है। यह फैसला आज शाम 7:30 बजे (अमेरिकी समयानुसार सुबह 10 बजे) से लागू हुआ।

ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी ईरानी जहाज अमेरिकी नाकाबंदी के पास आता है, तो उसे तुरंत खत्म कर दिया जाएगा। >> (शेष पेज 06 पर)

### अमेरिका का मकसद ईरानी तेल के जरिए चीन पर दबाव बनाना

एक्सपर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ईरान की ऑयल इंडस्ट्री को कमजोर करने की योजना बना रहा है ताकि चीन पर दबाव बनाया जा सके। अमेरिका का मानना है कि चीन अपनी जरूरत का लगभग एक-तिहाई तेल ईरान से लेता है। अगर यह सप्लाई रुकती है, तो चीन पर दबाव पड़ेगा और वह ईरान को दोबारा बातचीत के लिए मजबूर कर सकता है। >> (शेष पेज 06 पर)



ट्रम्प ने कल कहा था कि जो जहाज ईरान को गैरकानूनी टोल देंगे, उन्हें सुरक्षित रास्ता नहीं दिया जाएगा। इससे ईरान की आर्थिक ताकत कम की जाएगी।

### इजराइल में नेतन्याहू की लोकप्रियता में गिरावट

इजराइल की हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूसलम के सर्वे में 61% इजराइली नागरिकों ने लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर का विरोध किया। इस सर्वे में पीएम नेतन्याहू की लोकप्रियता में भी गिरावट आई है। >> (शेष पेज 06 पर)



### ईरानी राष्ट्रपति बोले- अमेरिका दबाव बनाना छोड़े, तभी समझौता संभव

ईरानी राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने कहा कि अगर अमेरिकी सरकार अपनी दबाव और हठधर्मिता वाली नीति छोड़ दे और ईरान की जनता के अधिकारों का सम्मान करे, तो निश्चित रूप से समझौते तक पहुंचने के रास्ते निकल सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका से सीजफायर वार्ता करने वाली टीम के सभी सदस्यों, खासकर ईरान की संसद के स्पीकर डॉ. कालिबाफ को बधाई देता हूं। >> (शेष पेज 06 पर)

भाषण : हमारी सरकार श्रमिकों के साथ, सभी को न्यूनतम वेतन मिलेगा

# अशांति पैदा करने वालों से सावधान रहें : योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर । 'औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ है। उद्यमी को सुरक्षा देगी, श्रमिकों को संरक्षण देगी। सफाईकर्मी हो या आउटसोर्सकर्मी, सभी को न्यूनतम वेतन की गारंटी होगी। इसमें कोई बिचौलिया नहीं होगा।' यह बात सीएम योगी ने मुजफ्फरनगर में सोमवार को कही। माना जा रहा है कि योगी ने यह बात नोएडा में चल रही हिंसा को लेकर कही है। योगी ने कहा कि माफिया की जगह सिर्फ मिट्टी में होगी, बेटी की सुरक्षा के साथ खेलने वालों के लिए इस धरती पर कोई जगह नहीं है। >> (शेष पेज 06 पर)





> जब सुरक्षा का अहसास होता है, तो कुछ लोग धैर्य खोने लगते हैं। किसी भी परिस्थिति में धैर्य नहीं खोना चाहिए। यूपी में डबल इंजन की सरकार बेटी-व्यापारी की सुरक्षा दे रही है, रोजगार की गारंटी दे रही है। किसानों को खुशहाली दे रही है। - सीएम योगी

### सुरक्षा के बीच अशांति फैलाने की कोशिश

कोरोना काल में आपने देखा होगा, हमारी सरकार ने कर्मिकों के लिए गाड़ी दी थी। सभी फ्री सुविधा दी और घरों तक पहुंचाया था। यह वही राज्य है, जहां 2017 से पहले उद्योग नहीं लगता था, तालाबंदी होती थी। बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं था। मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, शामली, गाजियाबाद, मुरादाबाद सभी जगह यही स्थिति थी।

### गल्फ कंट्री में पेट्रोलियम के दाम 4 गुना

योगी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी के कारण हम सब सुरक्षित हैं। 145 करोड़ का भारत सुरक्षित है। यह नए भारत की ताकत है। अमेरिका जो सुपर पावर है, वहां एक साल के अंदर पेट्रोलियम पदार्थों का दाम चार गुना बढ़ गए हैं। दुनिया के तमाम देशों में महंगाई चरम पर है। लेकिन मोदीजी के कारण भारत में पेट्रोलियम पदार्थों का दाम भी नियंत्रित है। जो बाधा है, उसको स्मूथ करके लोगों तक पहुंचाने के लिए भी एक से बढ़कर एक कदम उठाए जा रहे हैं। हर दिन 1 से डेढ़ हजार करोड़ अतिरिक्त दिए जा रहे, तब यह व्यवस्था लागू हो पा रही है। जैसी सुखद अनुभूति हम कर रहे, वैसी कोई पाकिस्तान में कर पाएगा क्या? ईरान, कतर और अन्य मुस्लिम देशों में कोई कर पाएगा क्या?

## महाराष्ट्र के ठाणे में सड़क हादसा, 11 लोगों की मौत

### मृतकों में 3 महिलाएं, 2 की हालत गंभीर

दुर्घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

ठाणे (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार को सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 10:45 बजे मुर्बाड के गोविली गांव स्थित रैता ब्रिज पर हुआ। कल्याण से मुर्बाड जा रही वैन की सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वहीं, अन्य दो लोग घायल हैं, जिन्हें उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में 8 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। अब तक 6 मृतकों की पहचान हो चुकी है, बाकी की पहचान जारी है। वैन रोजाना की तरह आज सुबह भी पैसेंजर्स को लेकर कल्याण से मुरबाड जा रही थी। >> (शेष पेज 06 पर)



■ वैन से टकराया सीमेंट मिक्सर ट्रक कल्याण से मुरबाड के बीच चलती थी वैन

# ‘मुसलमानों का नाम लेने से करंट लगता है’

## लखनऊ में चंद्रशेखर बोले- गांधी ने मुस्लिमों को अंबेडकर का साथ देने से रोका

**तंज**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। ‘मिस्टर गांधी ने मुसलमानों को कुरान पर हाथ रखकर कसम खिलाई थी कि वे बाबा साहब का साथ न दें। लेकिन हमारे मुस्लिम भाइयों ने ऐसा नहीं किया और वो बाबा साहब के साथ खड़े रहे। बाबा साहब ने कमजोरों का साथ दिया।’

ये बातें लखनऊ पहुंचे नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहीं। यहां अटल कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को आजाद समाज पार्टी की ओर से 'पिछड़ा वर्ग अधिकार सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर से 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी भी पहुंचे हुए थे।

सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि मुसलमानों का नाम लेने से कुछ लोगों को 'करंट' लगने लगता है।



### 'गांधी नहीं चाहते थे कि मुसलमान बाबा साहेब का साथ दें'

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मिस्टर गांधी ने मुसलमानों से कुरान पर हाथ रखकर कसम दिलाई थी कि वे बाबा साहेब का साथ न दें।

हमारे मुस्लिम भाइयों ने ऐसा नहीं किया और बाबा साहेब के साथ खड़े रहे।

जैसे ही हमने मुसलमानों का जिक्र किया, कुछ लोगों को करंट लग गया। जिस दिन मुसलमानों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा, उस दिन कई लोगों की दुकान बंद हो जाएगी। पार्टी के प्रदेश सचिव अनिकेत ने बताया कि पिछड़े समाज के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। हम अपने संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष कर रहे। पिछड़े वर्ग के लिए लोकसभा और विधानसभा में भी राजनीतिक आरक्षण लागू होना चाहिए। जनसंख्या के अनुपात में 52% प्रतिनिधित्व और नौकरी में आरक्षण दिया जाए। 27% पिछड़ा वर्ग आरक्षण का सभी सरकारी नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में तत्काल लागू किया जाए। साथ ही आरक्षण को कमजोर करने वाले नियम-कानून पर रोक लगाई जाए। चंद्रशेखर ने कहा- SC/ST और OBC के जजों को भी आरक्षण मिलना चाहिए। संख्या के आधार पर बजट का निर्धारण होना चाहिए।

### 'प्राइवेट स्कूल मनमानी करेंगे तो ताला लगेगा'

चंद्रशेखर ने कहा- हमने अपने नगीना संसदीय क्षेत्र में जिलाधिकारी को साफ बता दिया है कि अगर प्राइवेट स्कूल मनमानी करेंगे तो स्कूलों पर ताला लगाने का काम करेंगे।

69,000 शिक्षक भर्ती की अभ्यर्थी हमारी बहनें जब भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय जाती थीं, तो उनके साथ मारपीट की जाती थी।

उन्हें देखकर बहुत पीड़ा होती थी। हम पांच दिनों तक उनके साथ धरने में बैठे और आखिरकार सरकार को पीछे हटना पड़ा।

**चंद्रशेखर ने शेर सुनाया- जलते घर को देखने वालों, फूस का छप्पर आपका है। आग के पीछे तेज हवा है, आगे मुकद्दर आपका है। उसके कत्ल पर मैं भी चुप था, मेरा नंबर अब आया, मेरे कत्ल पे आप भी चुप हैं, अगला नंबर आपका है।'**



### 'मोदी 3 बार सत्ता बैठे फिर भी मंडल आयोग लागू नहीं किया'

चंद्रशेखर ने कहा- पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि मां गंगा ने उन्हें बुलाया है। गंगा ने एक बार बुलाया होगा, लेकिन वे तीन-तीन बार सत्ता में बैठे फिर भी मंडल आयोग लागू नहीं किया।

# ‘जन समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता’

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोष-जनक समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। कई प्रकरणों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान ऐसा होना चाहिए जिससे आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि “जन समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।” उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेही तय की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जा सके। जनता दर्शन में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, उत्पीड़न, सड़क एवं विद्युत समस्याएं, दुर्घटनाओं से संबंधित मामले, आवास आवंटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए।

**फास्ट न्यूज**

### प्रिंटिंग प्रेस असिस्टेंट की संदिग्ध मौत

लखनऊ। लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक प्रिंटिंग प्रेस के असिस्टेंट मशीन मैन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान गोंडा जिले के परसपुर धनौरा गांव निवासी विनीत सिंह (26) के रूप में हुई है। वह सरोजनी नगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक प्राइवेट प्रिंटिंग प्रेस में असिस्टेंट मशीन मैन के पद पर कार्यरत था और अपनी पत्नी ज्योति के साथ रहता था।

### रेलवे कर्मी की संदिग्ध हालत में मौत

लखनऊ। लखनऊ के मदेयगंज थाना क्षेत्र में रविवार रात एक रेलवे कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय रिजवान अली के रूप में हुई है। उनके भाई ने उनकी पत्नी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमा मामले की जांच कर रही है। रिजवान बीकेटी के रहने वाले थे। रेलवे में इलेक्ट्रिशियन के पद पर तैनात थे। पत्नी सना खान के साथ डालीगंज स्थित सर्वेंट क्वार्टर में रहते थे। दोनों ने साल 2016 में लव मैरिज की थी। उनके भाई शाहबाज अली ने आरोप लगाते हुए कहा है कि सना खान खाने में जहर मिलाकर भाई को देती थी, जिसके चलते उसकी तबीयत बिगड़ती गई।

### बोगस फर्म बनाकर 98.71 लाख की कर चोरी

लखनऊ। लखनऊ के सहादतगंज थाना क्षेत्र में जीएसटी विभाग के निरीक्षण में एक फर्म का संचालन नहीं मिला। मामले में विभाग के वरिष्ठ सहायक ब्रिजेंद्र सिंह यादव की शिकायत पर सआदतगंज थाने में फर्म मालकिन सावित्री सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ब्रिजेंद्र सिंह यादव ने शिकायत में बताया कि सावित्री सिंह ने 20 अप्रैल को उमा महेश्वर ट्रेडर्स के नाम से जीएसटी में पंजीकरण कराया था।

# प्रेमजाल में फंसाकर इंफ्लुएंसर का शोषण

## अश्लील वीडियो वायरल कर मांगे 10 लाख

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर को प्रेमजाल में फंसाकर एक व्यवसायी द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे 10 लाख रुपए की मांग की गई।

रकम न मिलने पर आरोपी ने पीड़िता के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वीडियो और फोटो वायरल कर दिए। कोर्ट के आदेश पर इंदिरानगर थाने में आरोपी और उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़िता के मुताबिक, वह सोशल मीडिया पर रील बनाती है। इसी दौरान सोनू सिंह उर्फ सोनू वर्मा ने उसे फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। बातचीत बढ़ने पर आरोपी ने खुद को पत्नी से चार साल से अलग बताया और प्रेमजाल में फंसा लिया। इस दौरान उसने पीड़िता से मोबाइल पर अर्धनग्न फोटो भी मंगवाई।

पीड़िता का आरोप है कि मई 2025 में आरोपी उसे मुंशी पुलिया स्थित होटल ब्लॉसम इन में मिलने के लिए ले गया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गई। इसी दौरान आरोपी ने दुष्कर्म कर उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसका शोषण करता रहा और 10 लाख रुपए की मांग की।

# अस्पताल की चौथी मंजिल से गिरी महिला

## मौके पर ही मौत, परिजनों ने हंगामा किया, बोले- हत्या की गई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में एक प्राइवेट हॉस्पिटल की चौथी मंजिल से गिरकर महिला मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाया कि महिला की हत्या की गई है। वहीं, अस्पताल की ओर से कहा गया है कि महिला ने कूदकर सुसाइड किया है।

पूरा मामला बंथरा थाना क्षेत्र के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल का सोमवार सुबह का है। मृतक महिला की पहचान बंथरा के किशुनपुर कौड़िया निवासी सीता दीक्षित (32) के रूप में हुई है। पति अभय दीक्षित रोडवेज में संविदा पर बस ड्राइवर हैं। छुट्टी वाले दिन वह इलाके में ऑटो चलाते हैं।

परिजन ने आरोप लगाया- अस्पताल प्रशासन ने चौथी मंदिर से कूदकर उसके आत्महत्या करने की बात कही। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए तो तड़के 4 बजे सीता जनरल वार्ड के कमरे से बाहर निकलते नजर आई। साथ ही उसकी चप्पलें नीचे गिरती दिखीं, लेकिन सीता गिरती नहीं दिखाई दी? परिजन आरोप लगा रहे हैं कि अस्पताल के कर्मचारियों ने ही कुछ किया है। अगर वह चौथी मंजिल से कूदी है तो खून जरूर निकला होगा। अगर खून निकला है तो घटनास्थल पर खून के निशान क्यों नहीं मिले? हंगामे की सूचना पर पुलिस बल भी अस्पताल पहुंच गया। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इस वजह से उसका काफी दिनों से प्रसाद हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। परिजनों से अस्पताल के खिलाफ तहरीर ली गई है।



सीता दीक्षित
मृतक

**बताया जा रहा है कि सीता दीक्षित का पिछले कुछ समय से मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं था और उनका इलाज प्रसाद हॉस्पिटल में चल रहा था। बीते रविवार को फिर से भर्ती कराया गया था।**

### सुबह नीचे बेसुध पड़ी मिली

बताया जा रहा है कि सीता दीक्षित एक दिन पहले रविवार को तबीयत खराब होने पर खुद ही हॉस्पिटल पहुंची। पति अभय को सूचना मिली तो वह भी हॉस्पिटल गए। सीता को जनरल वार्ड में चौथी मंजिल पर भर्ती किया गया। रात में अभय भी वार्ड में ही रुके हुए थे। तड़के करीब 3 बजे अभय को झपकी लग गई। इसके बाद सीता कमरे से निकलकर कहीं चली गई। सुबह करीब 6 बजे सीता जनरल वार्ड के सामने नीचे जमीन पर बेसुध पड़ी मिली। इसके बाद अभय को सूचना दी गई। जैसे ही पता चला कि सीता की मौत हो गई, परिजनों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा कर दिया।



महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए केजीएमयू स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा गया।

## कहा-सरकार की नीतियां छोटे व्यापारियों और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहीं

# मेरठ से उठेगा ‘आर्थिक स्वतंत्रता आंदोलन’

**बयान**

तमसा संकेत, संवाददाता



अखिलेश यादव का भाजपा पर बड़ा हमला

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 1857 की क्रांति के बाद अब मेरठ से एक नए “आर्थिक स्वतंत्रता आंदोलन” की शुरुआत होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सत्ता की नीतियां देश की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले भूमि अधिग्रहण और कथित कड़े कानूनों के जरिए खेती-किसानी को प्रभावित करने की कोशिश की और अब अंतरराष्ट्रीय समझौतों व बड़ी कंपनियों के दबाव में देश के पारंपरिक व्यापार को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। उनका आरोप है कि इससे अर्थव्यवस्था पर कुछ चुनिंदा बड़े पूंजीपतियों का नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि बड़े व्यापारी और स्टॉकिस्ट, जो अभी तक भाजपा के साथ खड़े हैं, वे भी जल्द ही सरकार की नीतियों के प्रभाव से अछूते नहीं रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि छोटे दुकानदारों, उद्यमियों और व्यापारियों में अब सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ रही है और वे एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी चंदे और कमीशन के जरिए बड़ी रकम जुटाने में लगी है। उनके मुताबिक, यह स्थिति ऐसी हो गई है कि “भाजपा किसी की सगी नहीं है”, बल्कि केवल बड़े आर्थिक हितों को प्राथमिकता देती है।

### सरकार का बुलडोजर देश की आर्थिक संरचना पर चल रहा

सपा प्रमुख ने आगे कहा कि सरकार का बुलडोजर केवल अवैध निर्माणों पर नहीं, बल्कि देश की आर्थिक संरचना पर चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज की नीतियां देश को आर्थिक रूप से निर्भर बनाने की दिशा में हैं, जिसका विरोध हर स्तर का व्यापारी और कारोबारी करेगा।

मेरठ का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह शहर 1857 की क्रांति का गवाह रहा है और अब एक बार फिर बदलाव की शुरुआत यहीं से होगी। उन्होंने कहा कि मेरठ न पहले झुका था और न आगे झुकेगा, बल्कि यह आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक बनकर उभरेगा।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर मामले की शिकायत लोकसभा याचिका समिति में पहुंची

## 3.80 करोड़ उपभोक्ताओं पर असर, बिना सहमति 70 लाख मीटर बदले

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर मामले की शिकायत लोकसभा याचिका समिति को की गई है। राज्य विद्युत उपभोक्ता समिति की ओर से दाखिल याचिका में मांग की गई कि यूपी की बिजली कंपनियां संसद से पारित विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन कर रही है। स्वेच्छा से विकल्प चुनने की आजादी देने की बजाय प्रीपेड स्मार्ट मीटर जबरन थोपा जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने लोकसभा याचिका समिति के अध्यक्ष और सांसद चंद्र प्रकाश जोशी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने याचिका में बताया है कि कैसे उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन और वितरण कंपनियां कानून के विपरीत जाकर लोगों के पोस्टपेड स्मार्ट मीटर को प्रीपेड में बदल रही हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन भी अनिवार्य रूप से प्रीपेड मोड में दिए जा रहे हैं। परिषद ने इसे कानून की भावना के खिलाफ बताते हुए कहा कि इससे उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन हो रहा है। जबकि 2 अप्रैल 2026 को संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा था कि प्रीपेड मीटर केवल उपभोक्ता की मांग पर लगाए जा सकते हैं और यह अनिवार्य नहीं हैं। 1 अप्रैल 2026 को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) ने भी अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया है कि प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है।



### संसद से पारित कानून का यूपी में हो रहा उल्लंघन

संसद द्वारा पास विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 47(5) आम बिजली उपभोक्ताओं को ये विकल्प देता है कि वे प्रीपेड व पोस्टपेड मीटर के विकल्प को चुन सकें। इसके उलट, प्रदेश में रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत करीब 3.8 करोड़ उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। परिषद का दावा है कि इनमें से लगभग 70 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बिना सहमति प्रीपेड मोड में बदल दिए गए हैं।

**कामयाबी : एसजीपीजीआई में 40 साल की महिला को मिला नया जीवन, 3 महीने से हार्ट फेलियर से जूझ रही थी**

# यूपी का पहला हार्ट ट्रांसप्लांट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी के टॉप मेडिकल संस्थान, SGPGI लखनऊ ने प्रदेश का पहला हार्ट ट्रांसप्लांट कर इतिहास रच दिया है। इस पहल से 40 साल की महिला को नया जीवन मिला है। ट्रांसप्लांट करने के लिए हार्ट दिल्ली के राम मनोहर लोहिया संस्थान से मुहैया कराया गया।

5 घंटे की बेहद जटिल सर्जरी करके 20 से ज्यादा टॉप डॉक्टरों की टीम की अगुवाई कर रहे हार्ट सर्जन महिला मरीज को नया जीवन देने में कामयाब रहे हैं। फिलहाल मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट से हटा दिया गया है। उसे ICU वॉर्ड में सघन मॉनिटरिंग में रखा गया है।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस बड़ी उपलब्धि पर SGPGI को बधाई दी है।

संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने बताया- संस्थान में हार्ट ट्रांसप्लांट की तैयारी पहले ही की जा चुकी थी। डोनर न होने की वजह से अभी तक इसकी शुरुआत नहीं हुई थी। दिल्ली निवासी व्यक्ति के परिवार वालों ने ब्रेन डेड होने के बाद उसके अंगदान करने का फैसला किया था। अंगदाता के अन्य अंग, लिवर और गुर्दे, दिल्ली में ही प्रत्यारोपित किए गए। हार्ट को एयर एंबुलेंस के माध्यम से लखनऊ लाया गया। इसके बाद ग्रीन कॉरिडोर बनाकर SGPGI तक पहुंचा।



एसजीपीजीआई के डॉक्टरों की टीम ने किया ट्रांसप्लांट

CVTS डिपार्टमेंट के प्रमुख प्रोफेसर एसके अग्रवाल, प्रोफेसर शांतनु पांडे, प्रोफेसर मिलिंद होते, डॉ.विजय अग्रवाल, डॉ.मुंशी, डॉ.सिद्धार्थ, डॉ.अरीब, डॉ.अवनींद्र, डॉ.सौरभ, डॉ.विवेक, डॉ.हर्ष के अलावा कार्डियोलॉजी के HOD प्रोफेसर आदित्य कपूर, प्रोफेसर रूपाली खन्ना, प्रोफेसर सत्येन्द्र तिवारी शामिल रहे।

**निदेशक प्रो.आरके धीमन ने बताया कि इस प्रक्रिया ने डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीवीटीएस)विभाग, कार्डियोलॉजी विभाग, एनेस्थीसिया विभाग, राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन और दिल्ली के आरएमएल की टीमें शामिल थीं। आरएमएल दिल्ली से अंग के सुचारू स्थानांतरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

### 20 डॉक्टरों की टीम ने 22 घंटे में पूरा किया टास्क

सर्जरी की अगुवाई करने वाले SGPGI के CVTS डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉ. एसके अग्रवाल ने बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजे हमें दिल्ली के एक मरीज से कैडेवर हार्ट मिलने की उम्मीद जगी। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल से हमें हार्ट मिला, उसे हम निर्धारित समय में लखनऊ लेकर पहुंचे। इसके बाद 5 घंटे की जटिल सर्जरी कर हम महिला के शरीर में हार्ट ट्रांसप्लांट करने में कामयाब रहे। बीते डेढ़ दशक से इसका इंतजार बहुत बेसब्री से हम कर रहे थे। राहत की बात ये है कि सर्जरी के बाद महिला की हालत स्थिर है और उसे ICU में रखा गया है।

### स्कूल के बाहर पेरेंट्स का प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में सोमवार (13 अप्रैल) सुबह निजी स्कूल के खिलाफ पेरेंट्स ने जोरदार प्रदर्शन किया। स्कूल पर नए सत्र से मनमानी तरीके से फीस बढ़ाने का आरोप लगाते हुए बड़ी संख्या में मेन गेट के सामने जुटे पेरेंट्स ने बैनर टांगकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ‘बच्चों की शिक्षा को व्यापार बनाना बंद करो, लूट की दुकान बंद करो’ जैसे नारे लगाए। इस दौरान काफी देर तक हंगामे जैसा माहौल रहा। अचानक से बड़ी संख्या में पेरेंट्स को देखकर स्कूल प्रशासन भी बैकफुट भी आता दिखा। हालांकि, स्कूल प्रशासन का कहना था कि सिर्फ गिनती के कुछ लोग साजिश के तहत गेट पर पहुंचकर हंगामा करने के मकसद से जुटे थे, जो खुद नियमित तौर पर अपने बच्चों की फीस नहीं जमा करते। प्रदर्शन कर रहे पेरेंट्स का कहना है कि, स्कूल ने बेहिसाब तरीके से फीस बढ़ाई है। यहां खुलेआम तरीके से धन उगाही की जा रही है।

# ‘बीजेपी बाबा साहब को मानती है, उनके विचारों को नहीं’

## लखनऊ में पल्लवी पटेल ने दी श्रद्धांजलि

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती से एक दिन पहले अपना दल (कमेरावादी) ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दारुलशफा से अंबेडकर प्रतिमा तक “समता संकल्प मार्च” निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल मुख्य रूप से मौजूद रहीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने “यूजीसी लागू करो” और “आरक्षण का अधिकार दो” जैसे नारे लगाए।

कार्यक्रम में सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हम सबको संविधान की सुरक्षा कवच दिया। दलितों पिछड़ों भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान का ऐसा अधिकार मिला कि वह हमेशा उसके अधिकारों की रक्षा होती रहेगी। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, बीपी पंडाल और ज्योतिबा फुले प्रत्येक समतावादी व्यक्ति को याद करते रहना चाहिए।

मौजूदा समय में भाजपा सरकार बाबा साहब के प्रतीक चिन्हों को तो 100% रूप से पूजती है। लेकिन उतनी ही मजबूती से बाबा साहेब के विचारों और संविधान को मिटाने के लिए कुंठित प्रयास कर रही है।



**संविधान बचाने की जरूरत ‘बाबा साहब ने दिया संविधान की सुरक्षा कवच’**
**- पल्लवी पटेल**

### साफ-सफाई अभियान से लेकर गोष्ठी और चिकित्सा शिविर तक, तैयारियां पूरी

# अंबेडकर जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**आयोजन**

- सुबह से शुरू होगा साफ-सफाई अभियान
- मलिन बस्ती में चिकित्सा शिविर
- स्कूल में होगी भाषण प्रतियोगिता
- समयबद्ध आयोजन के निर्देश



बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रमों को गरिमापूर्ण और व्यवस्थित ढंग से कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सुबह 11 बजे नगर पालिका परिषद अकबरपुर के शहजादपुर क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। यहां मरीजों के इलाज के लिए डॉक्टर और दवाओं की व्यवस्था की गई है। जिला अस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किए जाएंगे।

> जिले के सभी नगर निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को दी गई है। अभियान की निगरानी तहसीलदार करेंगे।

**जिला पंचायत सभागार में गोष्ठी**

सुबह 10 बजे जिला पंचायत सभागार में अंबेडकर के जीवन और विचारों पर व्याख्यान और गोष्ठी होगी। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे।

दोपहर 12 बजे बीएन इंटर कॉलेज, अकबर-पुर में अंबेडकर के जीवन और विचारों पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रमों को समय पर और व्यवस्थित ढंग से कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफल तरीके से संपन्न हों।

**कलेक्ट्रेट में होगा माल्यार्पण**

सुबह 8 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद सुबह 9 बजे सभी सरकारी कार्यालयों में अंबेडकर के चित्र और प्रतिमा पर माल्यार्पण और गोष्ठियां आयोजित होंगी।

# इफको का देशव्यापी नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान शुरू

### दिल्ली से 5 प्रचार वैन को हरी झंडी, 19 राज्यों में होगा व्यापक अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । नई दिल्ली में इफको द्वारा देशव्यापी नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान की शुरुआत की गई। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने इफको सदन से 5 नैनो प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3477 तहसीलों में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

दिलीप संघाणी ने बताया कि नैनो NPK लिक्विड (8-8-10) और नैनो NPK ग्रेन्युलर (20-10-10) को उर्वरक नियंत्रण आदेश (FCO) में शामिल किया गया है। इसे कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उन्होंने



कहा कि यह अभियान बहु-माध्यमों पर आधारित है, जिसमें प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो, आउटडोर और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

अभियान के तहत नैनो यूरिया प्लस, नैनो DAP, नैनो NPK, नैनो जिंक और नैनो कॉपर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों को फोलियर स्प्रे तकनीक के माध्यम से सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही पारंपरिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और सहकारी नेटवर्क के जरिए अंतिम स्तर तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

इफको ने कोयंबटूर स्थित नैनोवेंशन्स इनोवेशन हब और ब्राजील में प्रस्तावित नैनो उर्वरक संयंत्र का उल्लेख किया। यह भारत की कृषि तकनीक में बढ़ती वैश्विक भूमिका को दर्शाता है। संघाणी ने कहा कि नैनो तकनीक, ड्रोन और डेटा विश्लेषण के जरिए कृषि क्षेत्र में बदलाव लाया जा रहा है।

इफको ने नैनो यूरिया प्लस और नैनो DAP की लाखों बोतलों की बिक्री दर्ज की है। इनसे पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में लॉजिस्टिक्स और आयात लागत में बड़ी बचत हुई है।

**फास्ट न्यूज**

### देहदान के प्रति बढ़ी जागरूकता

अम्बेडकरनगर । महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में देहदान को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसी क्रम में रविवार को स्व. राम आसरे, निवासी मखदूम सराय टांडा, का पार्थिव शरीर चिकित्सा शिक्षा के उद्देश्य से एनाटॉमी विभाग को दान किया गया। यह देहदान उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके परिजन संतोष वर्मा की सहमति से संपन्न हुआ।

### यातायात अभियान में सख्ती, 1200 से अधिक वाहनों का चालान

अम्बेडकरनगर । पुलिस अधीक्षक के आदेश के तहत 1 अप्रैल 2026 से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार को 145 वाहनों का चालान किया गया। अब तक कुल 1208 वाहनों का चालान किया जा चुका है। इसके अलावा 10 वाहनों को सीज भी किया गया है। चेकिंग अभियान के दौरान नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। 12 अप्रैल 2026 को 2 वाहनों से 1500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया।

### तीन साल बाद ग्रामीण बैंक को मिला जमीन पर कब्जा

अम्बेडकरनगर । जलालपुर तहसील क्षेत्र में लंबे समय से लंबित मामले में शनिवार को कार्रवाई पूरी की गई। जिला प्रशासन के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक को बकायेदार की जमीन पर कब्जा दिलाया गया।यह कार्रवाई सरफेसी एक्ट 2002 के तहत 18 जुलाई 2023 के आदेश के अनुपालन में की गई। बैंक का बकाया लंबे समय से लंबित था।

## डाकघर में बम की धमकी से हड़कंप संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

### पासपोर्ट कार्यालय की सुरक्षा जांच के बाद सामान्य स्थिति

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । सोमवार को अकबरपुर स्थित डाकघर परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब डाकघर के भीतर संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय खुफिया इकाई (LIU) और अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे परिसर की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान डाकघर, पासपोर्ट कार्यालय और आसपास के क्षेत्रों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि मौके से कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार ईमेल में दावा किया गया था कि पासपोर्ट कार्यालय और डाकघरों में 14 आईईडी लगाए गए हैं, जिनमें साइनाइड गैस भरे होने की बात कही गई थी। संदेश में दोपहर 1:15 बजे



- ईमेल धमकी के बाद एलआईयू और पुलिस ने की सघन तलाशी, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

विस्फोट होने का उल्लेख किया गया था।धमकी के बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई और आम लोगों की आवाजाही कुछ समय के लिए नियंत्रित की गई। ईमेल 'तमिल लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन' नामक संगठन के नाम से भेजा गया था। संदेश में विभिन्न राज्यों के मामलों का उल्लेख करते हुए पुलिस व्यवस्था और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए गए।

## अंतरराज्यीय महिला हॉकी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस बनी विजेता

### फाइनल में अभिनव क्लब को 2-1 से हराकर जीता खिताब

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जलालपुर स्थित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित अंतरराज्यीय महिला हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उत्तर प्रदेश पुलिस और अभिनव क्लब के बीच खेला गया, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस ने 2-1 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान मैदान में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने पूरे मैच में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

पहले सेमीफाइनल में अयोध्या हॉस्टल और अभिनव क्लब आमने-सामने रहे। इस मुकाबले में अभिनव क्लब ने 2-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।



दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश पुलिस और एनईआर के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। पहली पारी में दोनों टीमों के बीच बराबरी का संघर्ष रहा, लेकिन दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश पुलिस ने 2-1 से जीत हासिल की।

तीसरे स्थान के मुकाबले में अयोध्या हॉस्टल ने एनईआर को 2-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मैच की कमेंट्री कुलवीर सिंह ने की। संचालन आशुतोष सिंह और पंकज वर्मा ने किया। विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया।

> फाइनल मुकाबले में पूर्व सांसद रितेश पांडे, भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी और ओलंपियन गुरजीत कौर, रेलवे कोच नीलम कुशवाहा सहित कई अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।
> कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारी दीपक त्रिपाठी, देवेश मिश्र, आनंद जायसवाल सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## बीएनकेबी पीजी कॉलेज में 16 अप्रैल से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जअकबरपुर स्थित बीएनकेबी पीजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू होगी। यह निर्णय प्राचार्य प्रो. शुचिता पांडेय के निर्देशन में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में डॉ. शिप्रा सिंह को प्रवेश समन्वयक नियुक्त किया गया।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार स्नातक स्तर पर हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, भूगोल, राजनीति शास्त्र, मनोविज्ञान, इतिहास और गृह विज्ञान विषय उपलब्ध हैं। वहीं परास्नातक स्तर पर हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र और भूगोल विषयों में प्रवेश दिया जाएगा।

महाविद्यालय में आधुनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कंप्यूटर एप्लीकेशन्स, योगा और फैशन डिजाइनिंग जैसे वोकेशनल कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही वैल्यू एडेड कोर्स के



- स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन, मेरिट के आधार पर मिलेगा दाखिला

तहत इसरो सर्टिफिकेट कोर्स भी चलाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए एनसीसी, एनएसएस और रोवर-रेंजर की सुविधा उपलब्ध है। कॉलेज में महिला छात्रावास, सीसीटीवी सुरक्षा, स्मार्ट क्लासरूम और पुस्तकालय जैसी व्यवस्थाएं भी मौजूद हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट के आधार पर होगी। इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

### कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर सख्त रुख

# नवागत एसपी प्राची सिंह ने संभाला कार्यभार



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। नवागत पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सोमवार को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता कर जिले की कानून व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमि-कताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना होगी।

एसपी ने कहा कि चोरी, लूट और अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी किसी भी घटना का जल्द खुलासा करना पुलिस की जिम्मेदारी होगी।

उन्होंने अपराधियों पर नियंत्रण



> एसपी ने कहा कि शासन की नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने साफ कहा कि पुलिसिंग का मुख्य लक्ष्य जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करना और अपराध पर अंकुश लगाना है।

के लिए गश्त और सूचना तंत्र को मजबूत करने के संकेत दिए। भूमि विवादों को लेकर एसपी ने कहा कि पुलिस राजस्व विभाग के साथ मिलकर काम करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना राजस्व प्रक्रिया के सीधे हस्तक्षेप से बचा जाएगा और संयुक्त टीम के माध्यम से मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने तहसील और राजस्व कर्मचारियों से बेहतर समन्वय की उम्मीद जताई। हाल ही में जहांगीर क्षेत्र में हुई लूट की घटना पर एसपी ने कहा कि मामले की विस्तृत समीक्षा की गई है। थानाध्यक्ष और एसओजी टीम को सक्रिय कर दिया गया है।

उन्होंने भरोसा जताया कि घटना का जल्द खुलासा होगा और दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य जनपद को अपराधमुक्त और भयमुक्त बनाना है। इसके लिए पुलिसिंग को तकनीकी रूप से मजबूत किया जाएगा और जनता से सीधे संवाद बढ़ाया जाएगा।

**महिला सुरक्षा और शिकायतों की निगरानी पर फोकस**

एसपी प्राची सिंह ने महिला अपराधों को गंभीर श्रेणी में रखते हुए कहा कि ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा और जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होगी।

# अस्थायी कूड़ा डंपिंग पॉइंट हटाने का दिया आश्वासन

### नेकी घर इलाके में बदबू और गंदगी से परेशान थे लोग

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर नगर क्षेत्र में कूड़ा डंपिंग को लेकर उठी समस्या पर नगर पालिका प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। जुड़वा कस्बा शाहजहांपुर के पास नेकी घर इलाके में बनाए गए अस्थायी डंपिंग पॉइंट को हटाने का आश्वासन दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह कूड़ा एकत्रित करने के बाद उसे डंपिंग यार्ड भेजने से पहले नेकी घर के पास अस्थायी रूप से रखा जाता था। इससे पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल रही थी। साथ ही मक्खियों का प्रकोप बढ़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि नेकी घर के पास बनाए गए अस्थायी डंपिंग पॉइंट को एक



सप्ताह के अंदर पूरी तरह हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस स्थान पर कूड़ा जमा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए, ताकि ऐसी समस्या दोबारा न हो। प्रशासन के इस निर्णय के बाद स्थानीय लोगों में राहत की उम्मीद जगी है। निवासियों का कहना है कि लंबे समय से वे इस समस्या से जूझ रहे थे और अब जल्द समाधान मिलने की उम्मीद है।

**शिकायत पर तुरंत संज्ञान**

इलाके के निवासियों ने इस समस्या को लेकर अधिशासी अधिकारी विशाल सारस्वत से शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि कूड़ा जमा रहने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही अधिशासी अधिकारी ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कूड़े को एकत्रित करने के बाद सीधे डंपिंग यार्ड भेजा जाए।

## कलेक्ट्रेट सभागार में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सजीव प्रसारण

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विद्यालयों की अध्यापिकाएं, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागी शामिल हुईं। सभी ने सम्मेलन का प्रसारण ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रंजीत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी और अपर जिला सूचना अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन के दौरान सभागार में सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी।

मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने सम्मेलन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पहल महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य



- महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

महिलाओं को संसद और अन्य लोकतांत्रिक संस्थाओं में अधिक प्रतिनिधित्व दिलाना है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। समाज और प्रशासनिक व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे कार्यक्रम उन्हें और अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों को समझने और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया गया।

### जांच : स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़ी, एएनएम और संविदा ऑपरेटर पर मुकदमा दर्ज

# फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्रों का बड़ा मामला उजागर

**फर्जीवाड़ा**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किए जाने का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में अब तक एक हजार से अधिक फर्जी प्रमाणपत्र जारी होने की पुष्टि हुई है। मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जांच के अनुसार यह फर्जीवाड़ा जहांगीरगंज सीएचसी से जुड़ा है। यहां तैनात संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर अंजनी कुमार पर आरोप है कि उसने फर्जी पोर्टल तैयार कर ओटीपी अपने मोबाइल नंबर पर




सेट किया और प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया पर नियंत्रण कर लिया। इसके साथ ही पीएचसी नरियांव की एएनएम रामरती की भूमिका भी जांच में सामने आई है। दोनों पर कूटरचना और धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यदि मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए तो एक बड़े गिरोह का खुलासा हो सकता है। फिलहाल पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है। सीएमओ ने कहा है कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति है और प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया की समीक्षा की जा रही है।

**प्रति प्रमाणपत्र वसूली का भी आरोप**

सूत्रों के अनुसार एक प्रमाणपत्र के बदले एक से डेढ़ हजार रुपये तक वसूली की जाती थी। कई मामलों में प्रसव निजी नर्सिंग होम में होने के बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में जन्म प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें ऑपरेटर को रुपये लेते हुए दिखाया गया। इसके बाद शिकायत सीएमओ कार्यालय तक पहुंची।

**जांच में खुलासा, कार्रवाई शुरू**

डिप्टी सीएमओ और पूर्व अधीक्षक की जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई। 27 मार्च को रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी गई। इसके बाद एएनएम को निलंबित किया गया और ऑपरेटर की सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू की गई। तीन दिन बाद डिप्टी सीएमओ की तहरीर पर जहांगीरगंज थाने में दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## सद्दरपुर मेडिकल कॉलेज में अफेरेसिस से मरीज को राहत

### कम प्लेटलेट मरीज को एसडीपी चढ़ाकर किया गया उपचार

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के मेडिसिन विभाग में भर्ती एमबीबीएस छात्र जयप्रकाश के पिता रामकमल को कम प्लेटलेट की गंभीर समस्या के चलते भर्ती किया गया। प्रारंभ में उन्हें रैंडम डोनर प्लेटलेट चढ़ाया गया, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

स्थिति को देखते हुए ब्लड सेंटर के प्रभारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता और डॉ. श्वेता ने मरीज को अफेरेसिस तकनीक से सिंगल डोनर प्लेटलेट (SDP) चढ़ाने की सलाह दी। इस प्रक्रिया के लिए उसी रक्त समूह के स्वैच्छिक डोनर की आवश्यकता थी, जो लंबी प्रक्रिया के लिए तैयार हो। इस दौरान एमबीबीएस छात्र आदित्य कटिहार ने डोनर के रूप



में आगे आकर प्रक्रिया को संभव बनाया। रविवार को अफेरेसिस टीम ने निगरानी में प्रक्रिया पूरी की। इसमें डॉ. महेश यादव, लैब टेक्नीशियन राकेश, राजकुमार, नवीन और सूरज शामिल रहे। पूरी प्रक्रिया सतत निगरानी में सुरक्षित रूप से संपन्न हुई।प्रक्रिया के बाद मरीज की स्थिति में सुधार दर्ज किया गया।

ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि अफेरेसिस सुविधा गंभीर मरीजों के लिए उपयोगी है। उन्होंने लोगों से इस तकनीक के प्रति जागरूक होने और जरूरत पड़ने पर आगे आने की अपील की।

# सम्पादकीय

## विफल वार्ता के दुष्परिणाम



जैसी आशंका थी वैसा ही हुआ, ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में 21 घंटे तक चली वार्ता विफल हो गई। इसका कारण दोनों पक्षों का अपने रवैये से टस से मस न होना रहा। जहां अमेरिका हर हाल में यह सुनिश्चित करना चाहता था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने का इरादा छोड़े, वहीं ईरान न तो इसके लिए तैयार था और न ही अपनी इस जिद को छोड़ने के लिए कि होर्मुज समुद्री मार्ग पर उसका आधिपत्य रहना चाहिए। साफ है कि वार्ता में ईरान ने भी अड़ियल रवैये का परिचय दिया।

वह परमाणु हथियारों से लैस हो, इसे कोई भी नहीं चाहता-अमेरिका और इजरायल तो कदापि नहीं। इसकी अनदेखी न की जाए कि ईरान इजरायल को दुनिया के मानचित्र से मिटाने की बात करता रहता है और उस पर हमले करने वाले हमास, हिजबुल्ला सरीखे आतंकी संगठनों को हर तरह का सहयोग-समर्थन देता है। ईरान का यह दावा झूठा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम नाभिकीय हथियारों के निर्माण के लिए नहीं है, क्योंकि उसके पास इसका कोई जवाब नहीं कि वह तय सीमा से कहीं अधिक यूरेनियम संवर्धन क्यों कर रहा है?

यदि वह परमाणु हथियारों से लैस हुआ तो पश्चिम एशिया में दादागीरी तो दिखाएगा ही, इजरायल के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा भी बनेगा। विश्व को यह भी स्वीकार नहीं हो सकता कि वह होर्मुज को अपनी निजी जागीर समझे। अंतर-राष्ट्रीय नियमों के अनुसार इस जलमार्ग पर उसका एकाधिकार नहीं। यदि ईरान के लिए यह आवश्यक है कि वह होर्मुज और यूरेनियम संवर्धन पर अपना हठ छोड़े तो अमेरिका को भी वहां सत्ता परिवर्तन कराने के अपने अतिवादी विचार का परित्याग करना होगा।

अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता विफल होना पश्चिम एशिया के लिए ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए निराशा और चिंता का कारण है। इस वार्ता की विफलता के बाद ट्रंप ने जिस तरह होर्मुज की नाकेबंदी करने और वहां से एक भी जहाज न निकलने देने की धमकी दी, वह तो ऊर्जा संकट को और खतरनाक स्थिति में ले जाने वाली बात है। उनकी यह धमकी भारत के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि हमारे कुछ जहाज किसी तरह तेल और गैस लेकर वहां से निकल पा रहे थे। लगता है ट्रंप चाहते हैं कि होर्मुज को लेकर पूरी दुनिया ईरान पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका के साथ खड़ी हो। जो भी हो, अमेरिका-ईरान जिस तरह अपने रवैये पर अडिग हैं, उससे चंद दिनों पहले थमा 40 दिन पुराना युद्ध नए सिरे से शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। यदि युद्ध नए सिरे से छिड़ता है तो अमेरिका ईरान पर कहीं अधिक भीषण हमले करेगा। इसके नतीजे में वह होर्मुज से अपना नियंत्रण खो सकता है। अच्छा होगा कि दोनों पक्ष युद्धविराम पर नए सिरे से कुछ नरम रवैये के साथ पुनः वार्ता की संभावनाएं टटोलें।

# सूरों की आशा बनकर गूंजती रहेगी आशा भोसले

> आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत-साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया।



भारतीय संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन-जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। "अभी न जाओ छोड़ कर" जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव-विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी-हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं, जिसने हर शैली को अपने भीतर समेट लिया। क्लासिकल से लेकर पॉप, जैज से लेकर गजल और कव्वाली तक, उन्होंने हर विधा में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। यह मानना कठिन है कि एक ही स्वर इतनी विविधताओं को इतनी सहजता से व्यक्त कर सकता है, पर आशाजी ने इसे संभव कर दिखाया। वे केवल गाती नहीं थीं, वे हर गीत को जीती थीं और यही कारण है कि उनके गीत केवल ध्वनि नहीं बल्कि अनुभूति बन जाते थे।

8 सितंबर 1933 को जन्मी आशाजी ने संगीत को साधना के रूप में जिया। लता मंगेशकर जैसी विराट प्रतिभा की छाया में अपनी अलग पहचान बनाना सरल नहीं था। अनेक प्रतिभाएँ उस छाया में दबकर गुमनामी में खो गईं, पर आशाजी ने संघर्ष को अपनी शक्ति बनाया। पिता दीनानाथ मंगेशकर से मिली संगीत की विरासत को उन्होंने अपने परिश्रम और साहस से विस्तार दिया। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच भी उन्होंने अपने स्वर की लौ को कभी मंद नहीं होने दिया। ओ.पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनका जुड़ाव उनके करियर का निर्णायक मोड़ बना और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी उपलब्धियाँ केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहीं। ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकॉर्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है।

आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं। "पिया तू अब तो आजा", "दम मारो दम", "चुरा लिया है तुमने", "दिल चीज क्या है" जैसे अनगिनत गीत आज भी उतने ही ताजगी भरे लगते हैं जितने अपने समय में थे। उनके गीतों में केवल संगीत नहीं, बल्कि एक जीवंत आत्मा थी, जो हर शब्द को अर्थपूर्ण बना देती थी और उसे कालजयी बना देती थी। संगीत उनके लिए केवल कला नहीं, जीवन का श्वास था। जैसे बिना सांस के जीवन असंभव है, वैसे ही बिना संगीत के जीवन नीरस और अर्थहीन हो जाता है। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा का पोषण है। उनके हर गीत में कहीं न कहीं ईश्वर की स्तुति, जीवन की सार्थकता और भावनाओं की पवित्रता का स्पर्श मिलता है। आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह अनुभव होता है कि उनका जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का समापन है। मो. रफी, मुकेश और किशोर कुमार के बाद आशा भोसले का जाना भारतीय संगीत की उस स्वर्णिम परंपरा के एक और दीप का बुझना है, जिसने इस देश की आत्मा को सुरों में पिरोया था। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि ऐसे कलाकार कभी समाप्त नहीं होते, वे अपनी कृतियों में जीवित रहते हैं, अपने स्वरों में सांस लेते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के हृदय में गूंजते रहते हैं। मोहन भागवत द्वारा व्यक्त श्रद्धांजलि इस सत्य को और गहराई देती है कि आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक थीं। उनका योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से भारतीयता, संवेदनशीलता और जीवन के उत्सव को अभिव्यक्त किया। उनका जाना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, पर उनकी आवाज, उनकी लय, उनकी जीवंतता और उनकी आत्मा इस देश की माटी में सदैव गूंजती रहेगी। यही उनकी सच्ची अमरता है और यही हमारे लिए उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

लता मंगेशकर जैसी विराट विभूति की छाया में रहते हुए भी अपनी स्वतंत्र पहचान बनाना उनके असाधारण व्यक्तित्व का प्रमाण है। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक आलोचनाओं और पारिवारिक जटिलताओं के बीच उन्होंने कभी अपने आत्मबल को क्षीण नहीं होने दिया। उनकी जिंदादिली, बेबाकी, हाजिरजवाबी और जीवन के प्रति उत्सवधर्मी दृष्टिकोण उन्हें केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा बनाते हैं। वे हर परिस्थिति में मुस्कराते हुए आगे बढ़ने की उस दुर्लभ कला की प्रतीक थीं, जो साधारण मनुष्यों को असाधारण बना देती है। आशाजी की प्रतिभा को तीन मुख्य संगीतकारों ने निखारा एवं संवारा, जिनमें ओ.पी.नैय्यर, रवि और आर.डी. बर्मन मुख्य है। उनका एक गीत मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है, बहुत ही लोकप्रिय है, इसके लिये उन्हें नेशनल अवार्ड मिला था। आशा भोसले की आवाज में केवल स्वर नहीं, बल्कि एक दिव्य स्पंदन, एक अदृश्य करिश्मा और साधना की सिद्धि निहित थी। वह स्वर कभी श्रृंगार की मधुरता बनकर मन को मोह लेता, तो कभी विरह की वेदना बनकर आत्मा को छू जाता। उन्होंने अपने गायन के माध्यम से भारतीय संगीत को केवल सरस और मनोरंजक ही नहीं, बल्कि अर्थपूर्ण, भावपूर्ण, आध्यात्मिक और प्रेरणादायी बनाया।

**ललित गर्ग**

# अनुभव हमेशा डिग्री पर भारी पड़ता है : डॉक्टर ओपी मिश्रा

## डॉक्टर ओ0पी0 मिश्रा से खास बातचीत

ऑल इंडिया हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स संगठन (कम्युनिटी पैरामेडिक्स) के वाइस चेयरमैन डॉक्टर ओ0पी0 मिश्रा से हमारे विशेष संवाददाता द्वारा लिए गए साक्षात्कार के प्रमुख अंश-

प्रश्न- पिछले दिनों आपके संगठन के प्रमुख प्रतिनिधियों ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से जो मुलाकात की थी उस पर सरकार का क्या कहना है?

उत्तर- स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा से 10 राज्यों के 14 प्रतिनिधियों ने संसद में मुलाकात कर उन्हें एक पत्र देकर प्राथमिक उपचार का अधिकार प्रदान करने की मांग की थी।

उस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि हमारा विभाग इस पर एक्सरसाइज करेगा और आप लोग भी अपने राज्यों की जानकारी दीजिए ताकि जनहित में कोई सार्थक निर्णय लिया जा सके।

प्रश्न- क्या सरकार पूर्व की भांति रजिस्ट्रेशन तथा प्राथमिक उपचार का अधिकार देने के लिए तैयार है?

उत्तर- स्वास्थ्य मंत्री का जवाब बहुत ही सकारात्मक था और उनकी बॉडी लैंग्वेज बता रही थी कि कुछ हमारी बातों से सहमत है।

प्रश्न- इस तरह की व्यवस्था क्या किसी देश या राज्य में है?

उत्तर- अगर देश की बात करते हैं तो अमेरिका में भी अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार करने का अधिकार प्रदान किया जाता है, इसके अलावा अगर राज्य की बात



करें तो बिहार राज्य ने इसमें पहल की है और करीब 30 हजार लोगों को ट्रेनिंग सरकार ने दिलाई है।

प्रश्न- अपनी मांगों को आप कितना जायज मानते हैं जबकि राज्य सरकारों का कहना है कि आम आदमी के स्वास्थ्य की गारंटी सरकार लेती है?

उत्तर- जीवन तथ्यों पर चलता है तर्कों पर नहीं और सरकार के पास सिर्फ तर्क हैं बयान है आंकड़े हैं लेकिन कहीं दवाई नहीं है तो कहीं डॉक्टर नहीं है तो कहीं अस्पताल की बिल्डिंग नहीं है तो कहीं पैरामेडिकल स्टाफ नहीं है।

प्रश्न- उत्तर प्रदेश सरकार तो कहती है कि कई एम्स बन चुके हैं दर्जनों मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं तो फिर झोलाछाप डॉक्टरों को यह अधिकार क्यों दिया जाए?

उत्तर- माइंड योर लैंग्वेज हम झोलाछाप की नहीं बल्कि प्राइमरी हेल्थ प्रोवाइड्स की वकालत कर रहे हैं उनको अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार का अधिकार प्रदान करने की मांग कर रहे हैं । रही बात एम्स और मेडिकल कॉलेज की तो बिल्डिंग पर या जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज घोषित कर देने मात्र से वे मेडिकल कॉलेज कागज पर तो बन सकते हैं लेकिन हकीकत में नहीं ।

उत्तर प्रदेश में जब विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग की नाकामी को लेकर सवाल पूछा जाता है तो स्वास्थ्य मंत्री अपनी सरकार की उपलब्धियां बताने के बजाय पूर्ववर्ती सरकार की कमी बताने लगते हैं।

प्रश्न- उत्तर प्रदेश में इन कथित डॉक्टरों की संख्या कितनी होगी तथा इनका प्रतिनिधित्व कौन संगठन कर रहा है?

उत्तर- पूरे उत्तर प्रदेश में करीब 18 लाख लोग ऐसे हैं जो अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य कर रहे हैं इनका राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी कर रहा है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर ऑल इंडिया हेल्थ केयर प्रोवाइड्स संगठन सक्रीय है।

प्रश्न- किस क्राइटेरिया के लोगों को आप यह अधिकार दिलाना चाहते हैं?

उत्तर - ऐसे लोग जिनकी आयु 30 वर्ष से कम ना हो इंटर की शिक्षा प्राप्त हो तथा किसी एमबीबीएस डॉक्टर के यहां से उन्होंने कम से कम 3 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो तथा 5 वर्ष से चिकित्सा कार्य कर रहे हो।

वैसे जिनकी आयु इस समय 50 से 60 वर्ष हो गई है उनके लिए हाई स्कूल तक की ही शिक्षा अनिवार्य रखी गई है।

प्रश्न - कहा जाता है कि यह लोग सर्जरी तक करते हैं तथा केस बिगड़ने पर भाग खड़े होते हैं?

उत्तर - हमारी मांग सर्टेन बाउंड्रीज में प्राथमिक उपचार तक सीमित है। रही बात भागने की तो जब इनका रजिस्ट्रेशन होगा तो यह संबंधित सीएचसी /पीएचसी पर इनरोल होंगे फिर भगाने का सवाल नहीं उठेगा।

## हाल के...

सौरभ वार्ष्णेय

# अमेरिका - ईरान की वार्ता फेल होने के मायने



अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता का असफल होना केवल दो देशों के रिश्तों में दरार भर नहीं है बल्कि इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर पडने वाला है। यह विफलता कई स्तरों पर गंभीर संकेत देती है। यह पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीति, अविश्वास और क्षेत्रीय शक्तियों की प्रतिस्पर्धा का भी प्रतिबिंब है। ऐसे में यह कहना कि इस विफलता के लिए पाकिस्तान पूरी तरह जिम्मेदार है, एक अतिसरलीकरण होगा—हालांकि उसकी भूमिका को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। यह वार्ता ही बेईमानी थी कि क्योंकि लेबनान में इजरायल की बमबारी कर रहा था जिस पर ईरान ने अपना विरोध दर्ज कराया था। वहीं ईरान की दस सूत्री बातें अमेरिका शुरु से मानने से इंकार कर रहा था। अब ऐसे में वार्ता हुई जो बताया जा रहा है पाकिस्तान ने एक दूसरे देश की बातें साझा की जो वार्ता का हल ही अस्पष्ट कर देती है। पाकिस्तान से जाते समय अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी बेंस ने भी वार्ता फेल की जानकारी दी।

इस शांति वार्ता के फेल होने के कई कारण हैं। सबसे पहले, यह क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाने का संकेत है। पहले से ही इज़रायल, लेबनान, यमन और खाड़ी क्षेत्र में तनाव मौजूद है। ऐसे में वार्ता का टूटना टकराव की संभावना को और बढ़ा सकता है। ईरान समर्थित समूहों और अमेरिका समर्थित शक्तियों के बीच परोक्ष संघर्ष तेज हो सकता है। दूसरा बड़ा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर पड़ सकता है। ईरान एक बड़ा तेल उत्पादक देश है और उस पर लगे प्रतिबंधों में ढील की उम्मीद से बाजार में संतुलन बन सकता था लेकिन वार्ता विफल होने से तेल की कीमतों में अस्थिरता बढ़ सकती है जिसका असर भारत जैसे आयातक देशों पर सीधे पड़ेगा। तीसरा, यह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की सीमाओं को उजागर करता है। वर्षों से चल रही बातचीत के बावजूद यदि कोई ठोस परिणाम नहीं निकलता तो यह दर्शाता है कि आपसी अविश्वास और राजनीतिक हित शांति के रास्ते में बड़ी बाधा बने हुए हैं। इससे भविष्य में अन्य वैश्विक वार्ताओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। चौथा, परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताएं और बढ़ेंगी। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने का उद्देश्य इस वार्ता का मुख्य आधार था। अब इसके विफल होने से परमाणु हथियारों की होड़ तेज होने का खतरा है, जिससे वैश्विक सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। यह विफलता एक चेतावनी है कि केवल बातचीत की मेज पर बैठना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वास निर्माण और ठोस राजनीतिक इ'छाशक्ति भी जरूरी है। यदि विश्व शक्तियां समय रहते समाधान नहीं निकाल पातीं, तो इसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है।

# बाबा साहेब : भारतीय संविधान के शिल्पकार, दलितों के मसीहा

भारतीय संविधान के कुशल शिल्पकार, वंचित एवं दलितों के मसीहा, कुशल राजनीतिक एवं प्रखर समाजशास्त्री, एक समर्पित शिक्षक और श्रमजीवी पत्रकार और तत्कालीन भारतीय समाज के एक महान समाज सुधारक। एक जमाना था जब भारतीय समाज जाति एवं कुरीतियों के बंधनों में जकड़ा हुआ था और समाज के दलित और वंचित तबके को अच्छी नजरों से नहीं देखा जाता था। यही नहीं, इस ₹तबके₹ की समाज में भागीदारी न के बराबर थी। और तब बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने ऐसे ही पिछड़े समाज में जन्म लिया और तत्कालीन भारतीय समाज को अपने कार्य एवं सिद्धांतों से एक नई दिशा दी। बाबा साहेब द्वारा किए गए संवैधानिक एवं सामाजिक सुधारो की मदद से आज वंचित और दलितों की आवाज न केवल सुनी जाती है,बल्कि इस तबके को समाज की मुख्य धारा में आने का अवसर भी मिला है। आज दलितों के मसीहा कहे जाने वाले उन्ही बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती है। भारतीय संविधान निर्माता के तौर पर देश और दुनिया में चर्चित बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। बाबा साहेब अंबेडकर के पिता सूबेदार रामजी मालोजी सकपाल तथा उनकी माता का नाम भीम बाई था। डा. अंबेडकर जब लगभग दो वर्ष के थे,जब उनके पिता नौकरी से सेवानिवृत्त हो गए थे। जब वह केवल छह वर्ष के थे तब उसकी मां का निधन हो गया था। बाबासाहेब ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई में प्राप्त की। अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान वह अस्पृश्यता के अभिशाप से पीड़ित हुए तथा उन्हें अछूत होने का अहसास भी हो गया। डा. अंबेडकर अपनी स्कूली शिक्षा सतारा में ही पूरी की तथा बाद में वह मुंबई चले गए। डा. अंबेडकर ने अपनी स्नातक की पढ़ाई एल्फिंस्टन कॉलेज आज के मुंबई तथा तत्कालीन बॉम्बे से की,जिसके लिए उन्हें बड़ौदा के महामहिम सयाजीराव गायकवाड़ से छात्रवृत्ति प्राप्त हुई थी।

**प्रदीप कुमार वर्मा**

## जरा हटके

## इस तनाव का प्रभाव...

अशोक कुमार झा

# महाशक्ति टकराव और वैश्विक अस्थिरता: क्या दुनिया महाविनाश की ओर बढ़ रही है?

आज का विश्व एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहाँ हर दिन के साथ अनिश्चितता और अस्थिरता बढ़ती प्रतीत हो रही है। अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर नजर डालें तो स्पष्ट होता है कि विश्व व्यवस्था एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है। विशेष रूप से अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव न केवल पश्चिम एशिया बल्कि पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय बन चुका है।

यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का राजनीतिक या सैन्य विवाद नहीं है बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, आर्थिक स्थिरता और मानव सभ्यता के भविष्य से जुड़ा एक गंभीर प्रश्न है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि आम जनमानस के मन में यह सवाल उठे कि क्या हम एक और बड़े युद्ध या महाविनाश की ओर बढ़ रहे हैं?

इतिहास के पन्नों को पलटें तो अमेरिका और ईरान के बीच अविश्वास की जड़ें काफी गहरी दिखाई देती हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से दोनों देशों के संबंधों में लगातार कटुता बनी रही है। आर्थिक प्रतिबंध, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और सैन्य चेतावनियों ने इस रिश्ते को और अधिक जटिल बना दिया है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका की चिंताओं ने इस तनाव को कई बार खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है।

हाल के समय में भी कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। बातचीत के असफल रहने और दोनों पक्षों के सख्त रुख ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्थिति फिलहाल सामान्य होने की दिशा में नहीं बढ़ रही। पश्चिम एशिया की स्थिति इस पूरे परिदृश्य को और अधिक संवेदनशील बना देती है। यह क्षेत्र पहले से ही संघर्षों का केंद्र रहा है। इज़राइल और ईरान के बीच



बढ़ती दूरी, क्षेत्रीय समूहों की सक्रियता और अमेरिका की सैन्य मौजूदगी ने इसे एक जटिल युद्धभूमि में बदल दिया है। यहाँ युद्ध सीधे देशों के बीच कम और "प्रॉक्सी वॉर" के रूप में अधिक देखने को मिलता है, जहाँ बड़े देश अपने हितों की लड़ाई अप्रत्यक्ष रूप से लड़ते हैं। ऐसी परिस्थितियों में परमाणु हथियारों का मुद्दा सबसे बड़ा भय पैदा करता है। यदि किसी भी कारण से यह तनाव परमाणु स्तर तक पहुँचता है, तो इसका परिणाम केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी मानवता को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। हालांकि यह भी सच है कि परमाणु हथियारों का भय ही उनके उपयोग को रोकने का काम करता है। बड़े देश यह भली-भांति जानते हैं कि परमाणु युद्ध में कोई विजेता नहीं होगा, केवल विनाश ही होगा।

इस तनाव का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी स्पष्ट रूप से पड़ सकता है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों पर संकट, महंगाई में उछाल और शेयर बाजारों में अस्थिरता जैसे परिणाम सामने आ सकते हैं। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकती है, क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था काफी हद तक वैश्विक परिस्थितियों पर निर्भर करती है। वहीं दूसरी ओर, चीन और रूस जैसी वैश्विक शक्तियाँ भी इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। ये देश अपने-अपने हितों के अनुसार रणनीति बना रहे हैं और प्रत्यक्ष युद्ध से बचने की कोशिश कर रहे हैं। यही कारण है कि विशेषज्ञ फिलहाल तीसरे विश्व युद्ध की संभावना को कम मानते हैं, लेकिन बढ़ते तनाव को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। वर्तमान परिस्थितियाँ यह संकेत देती हैं कि दुनिया एक "उच्च तनाव लेकिन सीमित संघर्ष" के दौर से गुजर रही है।

# गलतफहमियां

आज के समय में परिवार , समाज आदि में कोई न कोई बात को लेकर आपस में दूरियाँ देखी जा सकती है । परिवारों में आपस में ग़लतफ़हमियाँ की वजह छोटी -छोटी बात पर या एक दूसरे के प्रति हर बात में अविश्वास आदि हैं जब यह ग़लतफ़हमियाँ ज़्यादा लम्बे समय तक रह जाती हैं तो परिवार बिखर जातें हैं जों की दुःखदायीं स्थिति होती हैं । समाज में ग़लतफ़हमियो की वजह से राग - द्वेष , ईर्ष्या , या अन्य कारण उत्पन्न हों जातें हैं । मैंने मेरे अनुभव के चिन्तन से ग़लतफ़हमी के लियें यह बात महसूस की कि जब हम किसी के लियें यह सोच ही लें की इस आदमी की हर बात में मुझे कमी निकालनी हैं या इसके प्रति कोई भी बात में हमें विश्वास ही नहीं हैं आदि तो सामने वाले के प्रति यह ग़लतफ़हमी की सोच ही बिखराव का बीजवपन करने वाली होती हैं । यह बीज लग कर लम्बे समय तक रह ज़ाता हैं तो यह दुःखदायीं बन जाता हैं जों किसी के लियें ही हितकारी नहीं होता हैं । यह वर्तमान समय की विकट समस्या हैं । मानव को तन के साथ- साथ मन को भी साफ - सुथरा रखना बहुत जरुरी है। तन को साफ नहीं रखेंगे तो उसमें मैल जमकर दुर्गंध आने लगेगी वैसे ही मन में गलतफहमियां और कषाय आदि जब भर जाते हैं तो इनको भी नित प्रायः साफ़ करना ज़रूरी व अवश्यंभावी हों जाता हैं । तभी तो कहते हैं की मन में भर के मत जीओ या ग़लतफ़हमियाँ आदि रख कर बिल्कुल भी मत जीओ यह जों नकारात्मकता का नासूर हैं वो दुःखदायीं या विनाश करने वाला होता हैं इसलिये मन में प्रसन्नता रख कर आनन्दपूर्वक जीओ व सदा मुस्कुराके जीओ । यह तो निश्चित सत्य है कि खेत में जब तक बीज न डाले जाएँ तो कुदरत उसे घास फूस से भर या अन्य चीज़ से भर देती है और खेत में बीज डाला खेती शुरू हुई कूछ समय बाद खेत में फ़सल लहलहाने लग जाती है जों सबको आनन्ददित करने वाली होती हैं । इसी तरह हमको भी मन को मकान की तरह साफ - सुथरा रखना चाहिए क्यूँकि मकान में सफ़ाई नहीं होती हैं तो उसमें मिट्टी , जालें व कचरा आदि भर जातें हैं और धीरे -धीरे वह मकान ख़राब होने लग जाता है जो किसी के लिये रहने के लियें अच्छा नहीं होता हैं इसी तरह अगर हमारे मन में वहम और गलतफहमियां आदि का कचरा भर जाएगा तो हम मन से ख़ुश नहीं रह पायेंगे व सही और सकारात्मक हमारी सोच नहीं हो पायेंगी ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## हापुड़ में बस को टक्कर मारकर उसी पर पलटा ट्रक, 3 दिन बाद बेटी की शादी थी

# दूल्हे के पिता समेत 6 बारातियों की मौत

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

हापुड़। यूपी के हापुड़ में रविवार देर रात 1.30 बजे बारातियों से भरी बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 5 बारातियों समेत 6 की मौके पर मौत हो गई। 7 गंभीर हैं। बारात गाजियाबाद के डासना से बुलंदशहर के गुलावठी गई थी।

बस में कुल 13 बाराती थे। बाकी दूसरी कारों से पीछे आ रहे थे। शादी के बाद वापस लौटते वक्त बस रोड किनारे खड़ी थी। रास्ता काफी सकरा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रोड की ढलान पर पहले बस पलटी, फिर बेकाबू ट्रक भी उस पर पलट गया।



टक्कर के बाद ट्रक बस पर पलट गया। बाराती अंदर फंस गए। उनको बड़ी मुश्किल से पुलिस ने रेस्क्यू किया।

### दूल्हे के पिता की भी मौत, 4 दिन बाद बेटी की थी शादी

दूल्हे जाहिद ने बताया- लौटते समय हापुड़ में बारात की बस और ट्रक का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में 6 की मौत हो गई। 7 लोग घायल हैं। मरने वालों में मेरे पिता यूनुस (50) पुत्र कदीर भी शामिल हैं। 4 दिन बाद 17 अप्रैल को जाहिद की बहन नगमा की भी शादी तय है।

भारी भरकम ट्रक के पलटने पर बस पिचक गई। बस की छत उखड़कर अलग हो गई। बाराती अंदर दब गए। चीख-पुकार मच गई। पीछे आ रहे बारातियों ने पुलिस को सूचना दी। बस के शीशे तोड़कर कुछ लोगों को बाहर निकाला गया। कुछ बाराती इस कदर फंस गए थे कि गाड़ी को गैस कटर से काटकर उनको रेस्क्यू किया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा हापुड़ जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर धौलाना थाने में धौलाना-गुलावठी रोड पर हुआ। एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया- शादी समारोह से लौट रही यात्रियों से भरी एक बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा तेज रफ्तार और अंधेरे की वजह से हुआ। ट्रक ड्राइवर की भी मौत हो गई है। बारात बुलंदशहर के गुलावठी शहर में रविवार रात गाजियाबाद के डासना से आई थी।

### टक्कर लगी तो बस के शीशे टूटे, मैं खुद-ब-खुद उछल कर बाहर आ गया

बस में सवार नदीम ने बताया- बस रुकी हुई थी। मैं ड्राइवर के बगल में कंडक्टर सीट पर बैठा था। रात में करीब 12:35 बजे जैसे ही ट्रक ने टक्कर मारी, बस के सभी शीशे एक झटके में टूट कर चूर-चूर हो गए। मैं खुद-ब-खुद बस से उछल कर बाहर आ गिरा। सिर पर गहरी चोट आई, पर मेरी जान बच गई। मैं बेहोश हो गया। होश आया तो देखा पूरा ट्रक, बस पर पलटा हुआ था। मेरे परिवार के लोग बीच में दबे चिल्ला रहे थे। तब तक पीछे से अन्य बाराती आ चुके थे।

**प्रत्यक्षदर्शी चांद कुरैशी ने बताया- मैं भी बारात के साथ था। पर बस के पीछे दूसरी कार से लौट रहा था। बाकी बारातियों की बस रास्ते में खड़ी थी। तभी तेज रफ्तार ट्रक आया और टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रक बस पर ही पलट गया। मरने वाले सभी मेरे रिश्तेदार थे।**

### इनकी हुई मौत




## यूपी में पड़ेगी भीषण गर्मी, पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा

## प्रयागराज दूसरे दिन सबसे गर्म रहा

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ। यूपी में गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। सोमवार सुबह से मौसफ साफ है। तेज धूप निकली है। हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आज दिन में पारा 40C पार पहुंच जाएगा। जबकि पिछले 24 घंटे में 2C तापमान बढ़ा है।

मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से गर्मी बढ़ने लगी है। अगले 2 सप्ताह कोई भी विक्षोभ सक्रिय नहीं हो रहा है। इस वजह से बारिश के आसार नहीं हैं। इससे भीषण गर्मी पड़ेगी। पिछले 48 घंटे की बात करें तो प्रयागराज दूसरी बार सबसे गर्म रहा। यहां शनिवार को अधिकतम तापमान 37.6C रिकॉर्ड किया गया। जबकि रविवार को 39.8C तापमान दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-

**अगले 2 हफ्ते बारिश के आसार नहीं**

प्रदेश में अगले दो सप्ताह तक मौसम साफ रहेगा। बारिश के कोई आसार नहीं है। हवा का रुख बदलेगा। पूर्वी दिशा से आने वाली हवाओं से वातावरण में नमी घटेगी। गर्मी में और इजाफा होगा। रात और दिन के औसत तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है।

गाजियाबादः मौसम साफ है। सुबह से धूप खिली है। अप्रैल महीने

**फास्ट न्यूज**

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का पैदल मार्च

कानपुर। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर चले सोमवार शाम टीईटी अनिवार्यता के विरोध में पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च सरसैया घाट चौराहा से शुरू होकर डीएम ऑफिस तक गया। इस दौरान जिले भर के महिला व पुरुष शिक्षक शामिल हुए। पैदल मार्च के दौरान शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की। शिक्षक एकता जिंदाबाद और टीईटी का काला कानून वापस लो जैसे नारे लगे।

### इंटरनेशनल सट्टा गैंग से जुड़े 8-शातिर अरेस्ट

कानपुर। कानपुर पुलिस ने बेटिंग एप से जुड़े आठ शातिरों को अरेस्ट कर लिया। जांच में सामने आया कि पकड़े गए शातिर एप पर सट्टा खिलाने वाले इंटरनेशन गैंग से जुड़े हुए हैं। पकड़ा गया गैंग सट्टा गिरोह के लिए रुपए विड्रॉल का काम करता था। पकड़े न जाएं इस वजह से गैंग के सदस्य ओला या ऊपर या किराए की टैक्सी में बैठकर सट्टा जीतने वालों को ऑनलाइन पेमेंट करता था। खास बात ये है कि पकड़े गए शातिर सट्टा जीतने वालों को साइबर ठगी की रकम भेजकर उसे खपा रहे थे। पकड़े गए शातिरों के अकाउंट में तीन महीने के भीतर 100 करोड़ से ज्यादा का ट्रांजेक्शन मिला है।

### भाजपाइयों का हंगामा

कानपुर। नौबस्ता थाने में महिला की शिकायत पर सुनवाई न करने पर सोमवार दोपहर भाजपाइयों ने थाने का घेराव कर जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने थाने के गेट पर चूड़ियां तोड़ी दीं। हनुमान चालीसा का पाठ किया। सूचना पर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी, एडीसीपी साउथ योगेश कुमार मौके पर पहुंचे और महिला की तहरीर पर मुकदमा और सुनवाई न करने वाले दरोगा पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## जीजा ने बोलेरो से 2 सालों समेत 3 को रौंदा

### नाबालिग साली को भगाकर ले गया

तमसा संकेत, एजेंसी




फतेहपुर । फतेहपुर में नाबालिग साली के साथ भागे आरोपी जीजा ने उसके दो भाइयों और एक दोस्त को बोलेरो से कुचलकर मार डाला। चौकी प्रभारी ने आरोपी जीजा और लड़की के परिवार वालों को समझौते के लिए बुलाया था। तभी दोनों पक्षों के बीच चौकी पर ही विवाद हो गया। दरोगा ने देर रात होने के चलते सभी को वापस भेज दिया। लड़की भी आरोपी के साथ ही चली गई। लड़की के दो भाई अपने एक दोस्त बाइक से लौट रहे थे। तभी आरोपी जीजा ने बोलेरो से उनकी बाइक में टक्कर मार दी और उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गया। हादसे में दोनों भाइयों और उनके दोस्त की मौत हो गई।

वहीं, भागने के दौरान आरोपी ने दो अन्य बाइकों को भी टक्कर मार दी, जिससे चार लोग घायल हो गए। घटना रविवार देर रात जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बांदा-सागर मार्ग पर जोनिहा गांव के पास की है।

बड़ी देवरी गांव निवासी सत्यवान सोनी की बड़ी बहन शशि की शादी सात साल पहले पड़ोसी गांव के दीपक (27) से हुई थी। दीपक शादी-पार्टियों में कार बुकिंग का काम करता था। सत्यवान की मौसी की 17 साल की नाबालिग बेटी भी उनके साथ रहती थी।

## प्रशिक्षुओं के पाक-कौशल ने जीता सबका दिल, शिक्षकों ने अपनी रचनात्मकता और टीम वर्क का परिचय दिया

# डायट फरीदपुर में 'फूड फेस्टिवल' की धूम

तमसा संकेत, संवाददाता

फरीदपुर (बरेली)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), फरीदपुर में सोमवार को डी.एल.एड. 2024 बैच के प्रशिक्षुओं द्वारा एक भव्य और रंगारंग फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस उत्सव में भारतीय संस्कृति, स्वाद और नवाचार का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ भावी शिक्षकों ने अपनी रचनात्मकता और टीम वर्क का परिचय दिया।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ संस्थान की प्राचार्य श्रीमती दीप्ति वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल की प्रमुख सदस्य के रूप में किशोर चंद इंटर कॉलेज की प्राचार्य उपस्थित रहीं। गरिमामयी उपस्थिति के रूप में निर्णायक मंडल में संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्तागण शामिल रहे, जिनमें श्रीमती ममता (प्रवक्ता, मनोविज्ञान), श्री सूर्य प्रताप सिंह (प्रवक्ता, भौतिक विज्ञान), साथ में डाइट के प्रवक्ता श्री दिनेश कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, श्री महेंद्र पाल, डॉ. रुबी एवं श्रीमती अर्चना ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फेस्टिवल में प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए 30 से अधिक विभिन्न प्रकार के भारतीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए। विभिन्न राज्यों के पारंपरिक खान-पान से सजे इन स्टॉलों ने पूरे परिसर को 'लघु भारत' के रूप में तब्दील कर दिया। जहाँ एक ओर पारंपरिक स्वाद था, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य और आधुनिकता का मेल भी दिखाई दिया। आगंतुकों और निर्णायक मंडल ने न केवल स्वाद, बल्कि व्यंजनों की प्रस्तुति और स्वच्छता की भी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। किशोर चंद इंटर कॉलेज की प्राचार्य डॉ बीनू सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।





### प्रतिभाशाली विजेता एवं विशेष नवाचार

प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले के बाद निर्णायक मंडल ने परिणामों की घोषणा की, जिसमें विशेष व्यंजनों को उनके स्वाद और विशिष्टता के आधार पर चुना गयाः

प्रथम पुरस्कारः ग्रुप नंबर 24 को उनकी पारंपरिक और बेहद स्वादिष्ट रबड़ी के लिए दिया गया।

द्वितीय पुरस्कारः स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने वाले ग्रुप नंबर 9 को उनके मिलेट (Millet) से बनी इडली के अभिनव प्रयोग के लिए मिला।

तृतीय पुरस्कारः ग्रुप नंबर 2 को उनकी बड़े की कचौड़ी एवं एलोवेरा के लड्डू जैसी अनूठी रेसिपी के लिए प्रदान किया गया।

### कुशल निर्देशन और टीम वर्क की सफलता

इस पूरे आयोजन की सफलता के पीछे नोडल अधिकारी श्रीमती आकांक्षा (प्रवक्ता, समाजकार्य) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके कुशल निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने कई दिनों तक कड़ी मेहनत की थी। श्रीमती आकांक्षा के मार्गदर्शन ने न केवल कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप दिया, बल्कि छात्रों के भीतर प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास किया।

## पति को भी मारने की प्लानिंग थी, इराक से लखनऊ लौटे भांजे से अफेयर था

# बहू ने रोटी में जहर खिला कर सास की हत्या की

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में 65 साल की शांति देवी हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने बताया कि बहू शालिनी (26) ने सास की रोटी में जहर मिला दिया था। इससे उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। 24 घंटे में उनकी जान चली गई थी। बेटे के शक के आधार पर बहू पर सख्ती की गई तो उसने जुर्म कबूल कर लिया।

शालिनी ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि उसका सगे भांजे करन (20) से अफेयर था। सास को यह बात पसंद नहीं थी। वह दोनों को मिलने और बात करने से रोकती थी। इस वजह से 10 दिन पहले भी सास की जान लेने की कोशिश की थी। चाय में कीटनाशक मिलाया था लेकिन सास ने पूरी चाय नहीं पी थी। इसके बाद 5 अप्रैल को उसने आटे में कीटनाशक मिलाकर रोटी बनाई। उसने बताया कि घर के सामने ही नाबालिग चचेरे भांजे का घर है। वह करन का दोस्त है। उससे कीटनाशक मंगवाया करती थी। उसने कबूलनामे में यह भी बताया कि करन ने कहा था कि पहले नानी को मारो, नाना को मारो,, फिर मामा को। उसके बाद हम साथ रहेंगे।



यह तस्वीर सास को जहर देकर मारने की आरोपी बहू शालिनी की है। यह पुलिस हिरासत में है। पुलिस इसके प्रेमी भांजे को तलाश रही है।

### पत्नी हर बार अलग बात बता रही थी

मनोज ने बताया- मां को दफनाने बाद 6 अप्रैल की रात में घर में बातचीत होने लगी। शालिनी से मां को दी गई रोटी के बारे में पूछा गया। उसने बताया कि मां से बची हुई रोटी बाहर रखी है। मैं बाहर रोटी देखने गया। बाहर रोटी नहीं मिली तो शक हुआ। 7 अप्रैल को एक पन्नी में लपेटी हुई रोटी घर के अंदर रखे मौरंग में मिली। उसके बारे में पूछने पर पत्नी गुमराह करने लगी।



**"4411 अप्रैल को शांति देवी का शव कब्र से निकलवाया। विसरा सुरक्षित किया गया है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद पॉइजन की पुष्टि हो सकेगी। पोस्टमॉर्टम कर-कर परिजनों को शव सौंप दिया है। आरोपी महिला ने जुर्म कबूल कर लिया है। उसके भांजे की तलाश की जा रही है।**

**- कमलेश दीक्षित डीसीपी**

### डेढ़ रोटी खाते ही बिगड़ी मां की तबीयत

मनोज ने बताया- 5 अप्रैल को मां शांति देवी ने बताया कि रोटी कुछ कड़वी लग रही थी। डेढ़ रोटी खाने के बाद जी मिचलाने लगा। उल्टी होने लगी। मैं भागकर उल्टी की दवा लेकर आया। दवा देने के बाद भी उल्टी नहीं रुकी। बहन के कहने पर जुनाबगंज डॉक्टर के पास ले गए। वहां डॉक्टर ने भर्ती कर लिया। उन्होंने बताया- मां को इंजेक्शन लगाया। दर्द थोड़ा कम हुआ तो मां सो गईं। कुछ देर बाद अचानक से फिर तबियत बिगड़ गई। डॉक्टर ने तुरंत गाड़ी मंगाई और मां को प्रसाद अस्पताल भेजा, जहां 6 अप्रैल को मां की मौत हो गई। इसके बाद उनके शव को लाकर घर के पास दफना दिया गया।

## इंद्रप्रस्थ बिजनेस स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 18 को

तमसा संकेत, संवाददाता

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के इंद्रप्रस्थ बिजनेस स्कूल के तत्वावधान में "व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता एवं कंप्यूटिंग पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के परिवर्तनकारी प्रभाव" विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 18 अप्रैल 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों एवं पेशेवरों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यवसाय एवं कंप्यूटिंग क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावों पर व्यापक विचार-विमर्श कर सकें।

सम्मेलन के दौरान आधारित निर्णय प्रणाली, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, इंटेलिजेंट सिस्टम्स तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक पहलुओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मुहम्मद हसन, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट एवं चीफ लाइब्रेरियन, नैन्सी थॉम्पसन लर्निंग कॉमन्स, कीन यूनिवर्सिटी, अमेरिका उपस्थित रहेंगे। वहीं, मुख्य वक्ता (कीनोट स्पीकर) के रूप में डॉ. अतुल भारद्वाज, प्रोफेसर, शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय अपने विचार साझा करेंगे।





**कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रभावों पर होगा मंथन**

**चर्चा :** छुट्टी में आते और क्राइम कर लौट जाते थे, 'मिनी जामताड़ा' की कहानी

# कानपुर के साइबर ठगों ने जंगल में बनाया ऑफिस

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर के सात गांव इन दिनों 'मिनी जामताड़ा' के नाम से चर्चा में हैं। पुलिस ने करीब 3 महीने तक फील्ड एक्सरसाइज के बाद चारों ओर से गांवों को घेरकर 20 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग दूसरे के नाम पर सिम कार्ड खरीदते, फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक खाते खुलवाते। इन्हीं सिम और खातों के जरिए देश के अलग-अलग राज्यों के लोगों को जाल में फंसाकर साइबर ठगी करते थे। झारखंड का जामताड़ा साइबर ठगी को लेकर बदनाम है। उसी तर्ज पर अब कानपुर का छोटा सा इलाका साइबर ठगी के कारण चर्चित हो चुका है। ठगी के धंधे में रठिगांव, लक्ष्मणपुर, समाज नगर, लीलादास का पुरवा, बढ़ैल, पुलंदर व कैलाशपुर हैं। यह सभी गांव चार से पांच किमी के रेडियस में बसे हुए हैं। सभी गांव की आबादी 1700-2200 के करीब है। हम सबसे पहले रेउना इलाके के रठिगांव पहुंचे। यहां से पुलिस ने चार आरोपियों शैलेंद्र, रोमी, नीरज और ज्ञान प्रकाश को गिरफ्तार किया है। हम कुछ बच्चों से पूछते हुए शैलेंद्र व रोमी के घर पहुंचे। दरवाजा बंद था। एक ओर कुछ लोग बैठकी कर रहे थे। ज्यादातर बुजुर्ग और महिलाएं। हमको देख हर कोई वहां से निकल गया। युवा नजर नहीं आए। कुछ घरों के खिड़की-दरवाजे खुले, लेकिन कोई बात करने को तैयार नहीं था। इसी बीच हमारी मुलाकात रोमी, शैलेंद्र व मखौली निवासी शिवकांत के परिजनों से हुई।



कानपुर शहर से 70 किलोमीटर दूर रठिगांव की गलियों में सन्नाटा पसरा है। यहां के कई युवा फ्रॉड के मामले में जेल गए हैं।



### 'पुलिस से पूछते रहे नाती को कहां ले जा रहे हो'

इसी गांव के शैलेंद्र को भी पुलिस ने पकड़ा है। शैलेंद्र की नानी शांति का कहना है कि 'हमारा नाती शैलेंद्र किसानी का काम करता है। वह शौच के लिए गया था। तभी पुलिस ने उसको पकड़ा है। मेरे घर में कुछ भी नहीं है। हम पुलिस से पूछते रहे कि हमारे नाती को कहां ले जा रहे हो, किसी ने कुछ नहीं बताया।'

### रोमी की मां बोलीं- बेटा ठग नहीं, मिल में काम करता है

रोमी की मां सियादेवी का कहना है कि उनका 15 साल का बेटा अहमदाबाद में कपड़ा मिल में नौकरी करता है। एक महीने पहले वह गेहूं काटने के लिए गांव आया था। मंगलवार (6 अप्रैल) को शौच के लिए गया था। तभी पुलिस ने उसे पकड़कर जेल भेज दिया। हमारा बेटा साइबर ठग नहीं है।

## एमआईईटी में रूस की अस्त्रखान स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ तकनीकी सत्र

### शैक्षणिक सहयोग को मिली नई दिशा

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। एमआईईटी में रूस की प्रतिष्ठित अस्त्रखान खान युनिवर्सिटी के सहयोग से एक उच्चस्तरीय तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रूसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को नई मजबूती प्रदान की।

कार्यक्रम की शुरुआत इंटरनेशनल रिलेशंस के वाइस प्रेसिडेंट विभूति शंकर द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके बाद कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का पारंपरिक भारतीय शैली में माल्यार्पण, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। रूसी प्रतिनिधिमंडल में रेक्टर डॉ. इगोर अलेक्सेयेव, लॉ विभागाध्यक्ष डॉ. क्रिस्टिना ग्रिगोरोवा, वाइस रेक्टर डॉ. एकातेरिना पाखोमोवा, इंटरनेशनल अफेयर्स की प्रमुख पावलोवा गुलनारा शामिलेवना तथा ट्रांसलेटर मार्शाल्किन दिमित्री ओलेगोविच शामिल रहे। तकनीकी सत्र के दौरान फार्मास्युटिकल क्षेत्र में उभरती संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। रूसी विशेषज्ञों ने बताया कि रूस दवा उत्पादन एवं नई औषधियों के अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है। उन्होंने भारतीय और रूसी फार्मा कंपनियों के बीच कानूनी एवं संस्थागत सहयोग की अपार संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि इससे वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा सकता है। दोनों संस्थानों के बीच हुए समझौता ज्ञापन के तहत छात्र एवं फैकल्टी एक्सचेंज, तकनीकी हस्तांतरण, शैक्षणिक सहयोग, संयुक्त सेमिनार एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के आयोजन जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।




प्रतिनिधियों ने भारत-रूस संबंधों के हाल के वर्षों में और अधिक मजबूत होने की बात कही तथा विश्वास जताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक सहयोग द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने के साथ-साथ शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में वैश्विक अवसरों के द्वार खोलेंगे।

# किडनी कांड का फरार मास्टरमाइंट अरेस्ट

## 25 हजार का इनाम था, दिल्ली से पूरा सिंडीकेट ऑपरेट कर रहा था

**पूछताछ**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । किडनी कांड में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी मास्टरमाइंड डॉ. रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी रोहित को पुलिस गाजियाबाद से कानपुर लेकर आई है। यहां उससे पूछताछ की जा रही है। जांच के मुताबिक, खुद को डॉक्टर बताने वाला रोहित 12वीं पास है।

30 मार्च को किडनी कांड का खुलासा हुआ था। कल्याणपुर के अहूजा हॉस्पिटल में अवैध रूप से किडनी ट्रांसप्लांट किया जा रहा था। अहूजा हॉस्पिटल के मालिक दंपति डॉ. सुरजीत अहूजा और प्रीति अहूजा के साथ ही दलाल



किडनी कांड का आरोपी डॉ. रोहित अरेस्ट

शिवम काना समेत अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इन सभी से पूछताछ में सामने आया था कि दिल्ली का रहने वाला डॉ. रोहित अवैध किडनी ट्रांसप्लांट का सरगना है। इसके साथ ही मेरठ के डॉ. अफजल और दिल्ली निवासी ओटी टेक्नीशियन मुदस्सर अली भी इसमें शामिल बताए गए। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

पुलिस की टीमें लगातार सरगना डॉ. रोहित की तलाश में लगी थीं। रविवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की टीमें सोमवार को डॉ. रोहित को लेकर कानपुर पहुंचीं।

**डीसीपी वेस्ट ने बताया- पुलिस की टीमें पूछताछ कर किडनी सिंडिकेट से जुड़ी अहम जानकारियां जुटाने में लगी हुई हैं। इस मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।**

### 12वीं पास रोहित खुद को डॉक्टर बताता था

डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी समेत अन्य पुलिस अधिकारी रोहित से पूछताछ कर रहे हैं। अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि रोहित कोई डॉक्टर नहीं, बल्कि इंटर पास है और खुद को डॉक्टर बताता था। उसकी एक-दो नहीं, कई तस्वीरें भी पुलिस के हाथ लगी हैं, जिनमें वह गले में स्टेथोस्कोप डाले और एप्रन पहने नजर आ रहा है। इतना ही नहीं, कुछ तस्वीरों में वह ओटी के भीतर डॉक्टरों के साथ ऑपरेशन करते हुए भी दिखाई दे रहा है। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि रोहित से पूछताछ में कई अहम इनपुट मिले हैं। पूछताछ पूरी होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# पत्रकार राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाएं : संतोष गंगवार

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) के प्रादेशिक अधिवेशन में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पत्रकारों से राष्ट्र और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने का आह्वान किया। वहीं प्रादेशिक अधिवेशन के दौरान उपज में सक्रिय भूमिका निभाने एवं निष्पक्ष पत्रकारिता करने के लिए मथुरा इकाई के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल को प्रमाण पत्र एवं उपज का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए गया।

दिल्ली रोड स्थित पर्यटक आवास गृह होटल राही में आयोजित अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रुहेलखंड के पत्रकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज डिजिटल मीडिया के दौर में भी पत्रकारिता की वही मूल भावना प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और उन्हें जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता करनी चाहिए, जिससे समाज उन्हें लंबे समय तक याद रखे। उन्होंने पत्रकारों की समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब वे श्रम मंत्री थे, तब उन्होंने पत्रकार हित से जुड़े कई कार्य किए थे। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक मिशन और साधना है। उन्होंने कहा कि कलम की शक्ति तलवार से अधिक प्रभावी होती है, क्योंकि वह जनमत को आकार देती है और व्यवस्था को आईना दिखाती है। वरिष्ठ पत्रकार, पूर्व कुलपति एवं नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बलदेव भाई ने कहा कि ऐसे अधिवेशन संवाद, समन्वय और सामूहिक चिंतन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका को और अधिक महत्वपूर्ण बताया।



**उपज के प्रादेशिक अधिवेशन में मथुरा जिलाध्यक्ष अतुल जिंदल किए सम्मानित**

**फास्ट न्यूज**

### फ्लाई-ओवर से 30 फीट नीचे गिरे बाइक सवार

आगरा । आगरा के थाना ट्रांस यमुना अंतर्गत शाहदरा फ्लाई ओवर पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर बैठे दोनों युवक फ्लाई ओवर से करीब 30 फीट नीचे सड़क पर जा गिरे। दोनों की मौत हो गई। थाना प्रभारी ट्रांस यमुना हरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार रात को रामबाग की ओर से बाइक पर दो युवक छलेसर की ओर जा रहे थे।

### 5 साल की बच्ची को डंपर ने कुचला

आगरा । आगरा में थाना किरावली स्थित रुनकता गोपऊ मार्ग पर सड़क हादसा हो गया। इसमें सड़क पार कर रही 5 वर्षीय बच्ची की डंफर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, गुस्साए परिजनों ने शव को सड़क पर रख जाम लगा कर करीब दो घंटे तक हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने सड़क से शव को हटाया। मामला थाना किरावली का है। पिता पुष्पेंद्र ने बताया-बेटी उन्नती की बुआ सड़क पार कंडे थाप रही थी। बेटी सड़क के दूसरी तरफ खड़ी थी।

### मुस्लिम फेरी वालों को गांव में घुसने से रोका

आगरा। आगरा के फतेहपुर सीकरी के दूरा गांव में एक युवक फेरी वालों को रोककर उनका धर्म पूछता है। मुस्लिम फेरीवालों से कहता है कि गांव का माहौल खराब है। तुम इस गांव में मत आना। युवक ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शांतिभंग में उसका चालान कर दिया है। बॉबी चौधरी नाम की आईडी पर वीडियो अपलोड हुआ है।

# एमआईटी के बीसीए छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के बीसीए विभाग की छात्राओं मानसी और वंशिका शर्मा ने "17 कलर्स ऑफ चेंज इंटर-कॉलेज क्रिएटिव चैलेंज 2026 में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता काइट यूनिवर्सिटी मुरादनगर गाज़ियाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस द्वारा 11 अप्रैल 2026 को आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में मानसी ने डिजिटल पोस्टर श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अपनी रचनात्मकता और सतत विकास लक्ष्यों के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 10 हज़ार की नकद राशि से सम्मानित किया गया।

वहीं, वंशिका शर्मा ने आइडिया पिच श्रेणी में तृतीय स्थान हासिल कर अपनी नवाचार क्षमता और दूरदर्शी सोच का परिचय दिया। उन्हें 3 हज़ार की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों को रचनात्मक एवं नवाचारपूर्ण योगदान के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे उन्हें वैश्विक मुद्दों पर अपनी समझ विकसित करने का अवसर मिला।

## गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी ने कार्यशाला में सिखाया रासलीला का मंचन

# अमरनाथ गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने किया 'मुदरिया चोरी' रासलीला का मंचन

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन (उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद) एवं अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के मातृ सभागार में तीन माह के प्रशिक्षण उपरांत "मुदरिया चोरी" रासलीला का अत्यंत भावपूर्ण एवं भव्य मंचन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर 01 जनवरी से 31 मार्च तक चले गीत, संगीत, नृत्य एवं अभिनय के विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण गीता शोध संस्थान की विशेषज्ञ टीम द्वारा दिया गया, जिसके पश्चात छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन मंच पर प्रस्तुत किया।




कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के ध्यान से हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल वाजपेयी एवं कोऑर्डिनेटर मीता जी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं रासलीला के निर्देशक, गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रज की लुप्त होती मंचीय कलाओं को उनके मूल, पवित्र एवं विशुद्ध स्वरूप में पुनर्स्थापित करना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि आज की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक मूल्यों की ओर अग्रसर हो रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त राकेश त्यागी एवं जिला उद्योग आयुक्त रामेंद्र पाल ने छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाजसेवी कपिल उपाध्याय ने कहा कि ब्रज संस्कृति भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इस प्रकार के आयोजन देश के उज्ज्वल भविष्य की झलक प्रस्तुत करते हैं। इस अवसर पर अरविंद चतुर्वेदी, महेश पांडे, एस.पी. गोस्वामी, कल्याण वर्मा, मनोज चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम का सफल संयोजन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार एवं कॉलेज की प्रवक्ता डॉ. मांडवी राठौर द्वारा किया गया। डॉ. मांडवी राठौर ने रासलीला से पूर्व "मुदरिया चोरी" लीला एवं राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का भावपूर्ण वर्णन किया।**

**कार्यक्रम के अंत में प्रवक्ता नूतन देहर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कलाकारों का परिचय कराया। तीन माह के प्रशिक्षण शिविर की पूर्णता पर सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।**

रासलीला में तनु, विशाखा, वंशिका, महक, पायल, प्रार्थना, मोनिका, भावना, प्रगति, लक्ष्मी, प्रिया, अनुष्का, रागिनी, आकाशी, भूमिका, डोली, प्रियांशी, वर्षा, कोमल, कुमकुम एवं प्रांजल सहित अनेक छात्राओं ने प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया।

संगीत पक्ष में आकाश शर्मा (हारमोनियम), सुनील एवं केशव पाठक (तबला), तथा दीनानाथ चरणदास (सारंगी) ने रासलीला को मधुर स्वरों से सजाया। नृत्य प्रशिक्षण कु. मानसी राजपूत द्वारा दिया गया, जबकि गायन, अभिनय, मेकअप एवं वेशभूषा का दायित्व रितु सिंह एवं डॉ. सरिता शर्मा ने निभाया।

## गाजियाबाद में 4 साल की बेटी खोने वाले पिता बोले- साले पर भरोसा किया, उसने विश्वाघात


# 'भांजी के साथ दरिंदगी करने वाले को फांसी हो'

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। ना बच्ची की शर्म की, ना यह सोचा कि भांजी है। सोचा नहीं था बेटी के साथ उसी का मामा ऐसी हरकत कर सकता है। घर आता था तो खिलाता था। दोपहर के समय घर आया तो बच्ची को लेकर चला गया। हमें चिंता हुई तो बच्ची की मां बोली-भाई ही तो ले गया है, आ जाएगा।

शाम हो गई तो मैं घर से कूछ दूरी पर साले के कमरे पर गया। पूछा बेटी कहां है तो बोला शाम को छोड़ आया था। ऐसे दरिंदे को फांसी होनी चाहिए।'उसने मेरे साथ विश्वास घात किया है।

यह दर्द है गाजियाबाद में एक पिता का, जिसने अपनी 4 साल की बेटी हमेशा के लिए खो दी। उसके साले ने 11 अप्रैल को बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना टीलामोड़ इलाके की है। बच्ची के पिता ने कहा- जो काम मेरे साले ने बच्ची के साथ किया है। ऐसा किसी भी बच्ची के साथ नहीं होना चाहिए। हमारी एक ही मांग है कि हत्या करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उसे फांसी की सजा हो। तभी हमें और पूरे परिवार को इंसाफ मिलेगा। जो अपनी भांजी का मर्डर कर सकता है वह कुछ भी कर सकता है। ऐसा जल्लाद जेल से बाहर नहीं आना चाहिए।



11 अप्रैल को बच्ची का शव इसी कार में मिला था।



बच्ची के पिता का कहना है कि साले को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### बच्ची का मामा 2 बच्चों का बाप है, कुछ तो शर्म करता

बच्ची के पिता ने बिलखते हुए बताया- मेरा साला 2 बच्चों का बाप है, उसकी पत्नी और बच्चे मुजफ्फरनगर में रहते हैं। रंगाई-पुताई का काम करने के साथ वह एक महीने में अपने घर आता-जाता रहता है। उसने अपनी भांजी के साथ ऐसी घिनौनी हरकत की। उसका मर्डर कर दिया... यह नहीं सोचा कि खुद 2 बच्चों का बाप है। बहन का घर क्यों बिगाड़ दिया। बच्ची के पिता का कहना है कि वह पहले कभी-कभी आता था, बच्ची को खिलाने के लिए कुछ देर के लिए ले जाता था।

### 11 अप्रैल को मामा अपने साथ ले गया था

हापुड़ के पिलखुआ क्षेत्र का एक परिवार करीब 25 साल से गाजियाबाद के टीलामोड़ इलाके में रह रहा है। बच्ची का पिता इंटरलॉकिंग टायल्स का काम करता है। उसकी 10 साल पहले मुजफ्फरनगर में शादी हुई थी। तीन संतान में 4 साल की बेटी के अलावा 2 बेटे हैं।

बच्ची के पिता ने बताया- 11 अप्रैल की दोपहर करीब 1 बजे मेरा साला घर पहुंचा। 4 साल बेटी को यह कहकर अपने घर ले गया कि बच्ची को खिलाकर छोड़ जाऊंगा। देर शाम तक बच्ची घर नहीं लौटी तो मैं कमरे पर पहुंचा। बच्ची उसके साथ नहीं थी।

### खोजने पर बच्ची की लाश कार के नीचे मिली थी

बच्ची के बारे में पूछा तो मामा ने बताया- उसे तो घर के बाहर छोड़ आया था। देर शाम तक जब बच्ची नहीं मिली तो थाने में शिकायत दर्ज कराई। 8 बजे बच्ची की लाश बीकानेर 80 फुटा रोड पर एक कार के नीचे मिली। साले ने हत्या के बाद बच्ची के शव को सड़क पर फेंक दिया। ताकि गाड़ियां रौंद दें। परिजन का आरोप है कि मामा ने रेप करने के बाद गला दबाकर मार डाला। आरोपी मामा फिलहाल फरार है।

# गुरुग्राम की कंपनियों को पेट्रोल बम से जलाने की साजिश

## वॉट्सएप चैट से खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

गुरुग्राम। गुरुग्राम में 9 अप्रैल को सैलरी बढ़ाने को लेकर हुए प्रदर्शन में एक बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि कंपनियों को पेट्रोल बम से जलाने की साजिश थी। बाहरी लोगों ने कर्मचारियों को तोड़फोड़ और आगजनी के लिए उकसाया था। वॉट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट भी सामने आए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहतक के भरान निवासी आकाश, जींद के लखमीरवाला निवासी अजीत सिंह, उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल निवासी हरीश चंद, बिहार के मधुबनी निवासी पिंटू कुमार यादव, उत्तराखंड के उद्यम सिंह नगर निवासी राजू सिंह और उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी श्यामबीर के रूप में हुई है। मामला मानेसर IMT स्थित कंपनियों से जुड़ा है। कुछ दिन पहले मानेसर



**सैलरी बढ़ाने को लेकर हुआ था प्रदर्शन**

IMT स्थित होंडा कंपनी में सैलरी बढ़ाने को लेकर स्ट्राइक हुई थी। इसके बाद 9 अप्रैल कोत्यम, मुंजाल शोवा, रिको और अन्य कंपनियों के कर्मचारियों ने भी प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था। हालांकि, होंडा कंपनी के समझौते के बाद काम पर लौट गए थे। दूसरी कंपनियों के कर्मचारी लौटने को तैयारी नहीं हुए थे। कर्मचारी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस के समझाने के बाद भी कर्मचारी नहीं माने। इन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### नोएडा में वेतन...

इस पर काम भी जारी है। इसके बावजूद कुछ लोग कंपनियों में घुस गए और तोड़फोड़ करने लगे।

फिलहाल CCTV फुटेज के आधार पर उग्र लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जिले में स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण है। कानून-व्यवस्था पूरी तरह कंट्रोल में है।

मऊ में मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा- श्रमिकों का एक प्रतिनिधिमंडल गाजियाबाद पहुंच चुका है। जल्द ही उनके साथ वार्ता की जाएगी, ताकि समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सके।

नोएडा में सेक्टर- 63 में दयाल टॉवर के बाहर एक ही लोकेशन पर 12 गाड़ियां तोड़ी गई हैं।

मध्य प्रदेश के धार जिले में पीथमपुर स्थित मदरसन कंपनी यूनिट-2 के कर्मचारियों ने सोमवार को काम बंद कर प्रदर्शन किया। सैलरी नहीं बढ़ाने पर सैकड़ों कर्मचारी कंपनी के बाहर धरने पर बैठे। महू-नीमच नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, करीब चार घंटे से हाईवे पर दोनों ओर लंबी कतारें लग गई। यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। ट्रक, बसें और निजी वाहन जाम में फंसे रहे, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सीएसपी रवि सोने ने कहा- मदरसन कंपनी के कर्मचारियों ने चक्काजाम किया था। शांतिपूर्ण तरीके से बात कर जाम खुलवा दिया गया है। अभी कर्मचारी कंपनी के अधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं।

### 'टीएमसी ने बंगाल...

उन्होंने यह भी कहा कि TMC ने BSF की फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दी। हमारी सरकार बनते ही BSF को राज्य की सीमा पर फेंसिंग के लिए जमीन दे दी जाएगी।

वहीं पश्चिम बंगाल के सूरी में एक चुनावी सभा के दौरान ममता बनर्जी ने कहा- 19 राज्य और केंद्र सरकार मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हैं, मैं अकेले ही आम लोगों के लिए लड़ रही हूं।

बीरभूम TMC का मजबूत गढ़ माना जाता है। 2021 में बीरभूम जिले की 11 में से 10 सीटों पर TMC जीती थी। यहां ध्रुवीकरण भी एक बड़ा मुद्दा रहा है। बीरभूम में 63% हिंदू और 37% मुस्लिम आबादी है। BJP ने पिछले कुछ सालों में यहां अपना जनाधार बढ़ाया है और अवैध बालू खनन, भ्रष्टाचार और हिंसा जैसे मुद्दों को लेकर TMC को घेर रही है।

### अल-कायदा मॉड्यूल...

अदालत ने अपने फैसले में माना है कि आरोपियों ने सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र के तहत आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी की थी, जो देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा था। इन आरोपियों को जुलाई 2021 में लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था।

अदालत में चली सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने ठोस साक्ष्य पेश किए। पब्लिक प्रॉसीक्यूटर ब्रजेश यादव और मनोज सिंह ने बताया कि जांच के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, हथियार और संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए थे।

इन साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने यह माना कि आरोपी आतंकवादी संगठन से जुड़े थे। बड़े हमले की साजिश रच रहे थे। इस केस में दो मुख्य आरोपी मिन्हाज अहमद और मुसीरुद्दीन पर आरोप था कि वे 15 अगस्त से पहले राजधानी समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में सिलसिलेवार धमाकों की साजिश रच रहे थे।

एटीएस की कार्रवाई में दोनों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, कुकर बम और हथियार बरामद हुए थे। अदालत ने इससे पहले सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### गृहस्थ नहीं...

पीएम मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं लेकर हाजिर है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व योजना, जन्म के बाद सुकन्या समृद्धि योजना, सही समय पर टीके लगें इसके लिए मिशन इंद्र धनुष शुरू किया।'

स्कूल में शौचालय की परेशानी न हो स्वच्छ भारत अभियान, मुफ्त सेनेटरी पैड, खेलों में सालाना 1 लाख की मदद, भविष्य में सेना में जाना चाहे तो सरकार ने सैनिक स्कूल के दरवाजे खोले। जीवन के आगे के पड़ाव में रसोई में धुएं की परेशानी से बचाने उज्वला योजना, पानी के लिए हर घर नल, 5 लाख तक मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना। इन सबका सबसे ज्यादा लाभ हमारी बहनों और बेटियों को हो रहा है।

3 करोड़ से ज्यादा महिलाएं अपने घर की मालिक बनी हैं। आम तौर पर पिता और बेटा व्यापार की बात करते हैं न और मां आ जाए तो कहते हैं तुम जाओ। अब जब वो आर्थिक सशक्त हो गई हैं तो बेटा भी कहता है कि मां को बुलाइए न। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।

### होर्मुज पर अमेरिकी...

इसके लिए वही तरीका इस्तेमाल होगा, जिससे समुद्र में ड्रग तस्करों के जहाज रोके जाते हैं, यानी तेजी और सख्ती से।

इस फैसले के तहत जो भी जहाज होर्मुज से गुजरने की कोशिश करेगा, उसे रोककर जांच की जाएगी। खास तौर पर उन जहाजों पर नजर रखी जाएगी, जिन्होंने ईरान को टोल दिया है।

वहीं, भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहली ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले भारतीय जहाजों से अब तक कोई टोल नहीं लिया गया है। ईरान यहां से भारतीय जहाजों को सुरक्षित गुजरने में मदद करेगा।

ट्रम्प की धमकी- डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी कि जो भी ईरानी जहाज अमेरिकी नाकाबंदी के पास आएगा, उसे तुरंत और सख्ती से तबाह कर दिया जाएगा।

भारतीय जहाजों की मदद- ईरान ने कहा कि वह भारत के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकालने में मदद करेगा, बातचीत जारी है।

### अमेरिका का मकसद ...

हालांकि, इस योजना को लागू करना आसान नहीं है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या अमेरिका के पास इतने जहाज और खुफिया जानकारी है कि वह किसी भी जहाज को बचकर निकलने से रोक सके। यह इलाका छोटा है और यहां अमेरिकी जहाजों पर भी मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा बना रहेगा।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले...

ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी ईरानी जहाज अमेरिकी नाकाबंदी के पास आता है, तो उसे तुरंत खत्म कर दिया जाएगा। इसके लिए वही तरीका इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे समुद्र में ड्रग तस्करों के जहाज रोके जाते हैं यानी बहुत तेजी और सख्ती से।

ट्रम्प ने कहा है कि ईरान की नौसेना को भारी नुकसान हुआ है और उसके कई जहाज तबाह हो चुके हैं। ईरान के 158 जहाज तबाह हो चुके हैं और अब उसकी नौसेना समुद्र के नीचे पड़ी है।

### अशांति पैदा करने ...

पाकिस्तान वाले खाने को मोहताज हो रहे हैं। उसे तो भूखों ही मरना है।

योगी ने मुजफ्फरनगर जिले को बड़ा तोहफा दिया। कहा कि जल्द ही नगर निगम बनाया जाएगा।

इससे पहले सीएम का हेलीकॉप्टर करीब 1.30 बजे पुलिस लाइन में उतरा। वह कार से अहिल्याबाई चौक पहुंचे, वहां प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद नुमाइश ग्राउंड पहुंचे। यहां 951 करोड़ की 423 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। सीएम ने मंच से कौशल दर्शन पुस्तक का विमोचन किया। रोजगार मेले का उद्घाटन किया, जिसमें करीब 10 हजार युवाओं को जॉब दिया जाएगा। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया।

### महाराष्ट्र के ठाणे में...

वैन में ड्राइवर समेत 12-13 लोग सवार थे। इसी दौरान रैता ब्रिज पर सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर से टक्कर हो गई। राहगीरों ने बताया कि दोनों गाड़ियां स्पीड में थीं। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

# मुंबई लगातार तीसरा आईपीएल मैच हारी

झटका

## बेंगलुरु ने 18 रन से हराया, सॉल्ट, कोहली और पाटीदार की फिफ्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस IPL के इस सीजन में लगातार तीसरा मैच हार गई है। उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार के दूसरे मैच में 18 रन से हराया। अपने होम ग्राउंड वानखेड़े में 240 रन का टारगेट चेज कर रही मुंबई 20 ओवर में 222 तक ही पहुंच सकी। सुयश शर्मा ने एक ओवर में दो विकेट झटके।

रोहित शर्मा और रायन रिकेल्टन की जोड़ी ने 241 रन का टारगेट चेज कर रही मुंबई को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 32 बॉल पर नाबाद 57 रन की ओपनिंग साझेदारी की। लेकिन, रोहित शर्मा के रिटायर हर्ट होने के बाद सूर्यकुमार यादव 33, तिलक वर्मा 1 और हार्दिक पंड्या ने 40 रन बनाए। आखिरी में शेरफन रदरफोर्ड ने 31



बॉल पर 9 छक्कों के सहारे नाबाद 71 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। 20वें ओवर की पहली बॉल पर शेरफन रदरफोर्ड ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड की पहली बॉल पर छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे मुंबई ने 200 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। 18वें ओवर में शेरफन रदरफोर्ड ने जैक डफी की बॉल पर 3 छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी, चौथी और छठी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया।

16वें ओवर में मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। शेरफन रदरफोर्ड ने रसिक सलाम की पहली बॉल पर छक्का लगाकर टीम को 150 पार पहुंचाया।

इसी ओवर में सलाम ने नमन धीर को रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया। नमन एक रन ही बना सके। ओवर की आखिरी बॉल पर रदरफोर्ड दो बार कैच हुए, लेकिन आउट नहीं दिए गए। क्योंकि पहली बॉल नो करार दी गई, जबकि दूसरी फ्री हिट थी।

### बेंगलुरु के टॉप-3 बैटर्स ने फिफ्टी लगाई

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु के टॉप-3 बैटर्स ने फिफ्टी लगाई। फिल सॉल्ट ने 78, विराट कोहली ने 50 और रजत पाटीदार ने 53 रन बनाए। इन तीनों के बाद टिम डेविड ने 16 बॉल पर 34 रन बनाकर टीम स्कोर 240 रन तक पहुंचाया।

> **आखिरी ओवर में मुंबई को जीत के लिए 45 रनों की जरूरत थी। शेरफन रदरफोर्ड ने 4 छक्के भी मारे, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस तरह मुंबई इंडियंस इस मैच को 18 रन से हार गई।**



### आरसीबी जीत के बाद तीसरे स्थान पर कायम, मुंबई नंबर-8 पर आई

बेंगलुरु ने सीजन में तीसरा मैच जीता है। टीम इस जीत के बावजूद तीसरे स्थान पर कायम है। वहीं, मुंबई की टीम लगातार तीसरा मैच हारने के बाद नंबर-8 पर पहुंच गए हैं। इंडियंस के पास 2 अंक ही हैं।

## कोहली की चोट पर कप्तान रजत पाटीदार ने दिया अपडेट मुंबई में जीत का असली मंत्र भी बताया

नई दिल्ली। आईपीएल के 20वें मैच में आरसीबी ने एमआई को 18 रन से मात दी। इस जीत के साथ बेंगलुरु टीम ने इस सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज की और अंक तालिका में तीसरे पायदान पर है। टॉस मुंबई इंडियंस के कप्तान ने जीता था और उन्होंने पहले गेंदबाजी का फैसला किया था।

जवाब में मुंबई इंडियंस टीम की बैटिंग कमाल की रही और ये मैच आरसीबी ने 18 रन से जीत लिया। इस मैच में आरसीबी टीम के दिग्गज बैटर विराट कोहली ने अर्धशतक लगाया, लेकिन इस दौरान कोहली की चोट ने टीम की चिंता बढ़ा दी। मैच के बाद आरसीबी टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने कोहली की चोट पर अपडेट दिया है।

दरअसल, मैच की पहली पारी में किंग कोहली ने इस सीजन का अपना दूसरा अर्धशतक लगाया, लेकिन दूसरी पारी में वो फील्डिंग के लिए



मैदान पर नहीं उतरे। इस सीजन में अपने नए और आक्रामक अंदाज के लिए सुर्खियां बटोरने वाले कोहली अपनी स्वाभाविक लय के लिए संघर्ष करते दिखे। उन्होंने 38 गेंद में 50 रन बनाए। आउट होने के बाद कोहली काफी निराश दिखे थे और उन्होंने गुस्से में अपना हेलमेट और ग्लव्स फेंक दिए थे। टखने में समस्या के चलते वह फील्डिंग करने नहीं उतरे। उनकी जगह जैकब बेथेल मैदान पर आए। मैच के बाद रजत पाटीदार ने साफ कहा कि कोहली की चोट की स्थिति पूरी तरह साफ नहीं है, लेकिन उन्हें मैदान से बाहर रखना एक एहतियाती कदम था।


### पाटीदार की आरसीबी के लिए सेकेंड फास्टेस्ट फिफ्टी

# कोहली ने बाबर गेल का रिकॉर्ड तोड़ा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने IPL 2026 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। मैच में रोहित शर्मा ने भी खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर RCB के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया और गेल की बराबरी की।

RCB ने IPL 2026 में लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया। लगातार सबसे ज्यादा 200+ स्कोर



का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद (5 बार, 2025-26) के नाम है। पंजाब किंग्स (2023) और बेंगलुरु (2024) ने 4-4 बार यह किया था। विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सातवां 50+ स्कोर बनाकर सुरेश रैना और डेविड वॉर्नर की बराबरी की। इस लिस्ट में टॉप पर केएल राहुल हैं, जिनके नाम 9 स्कोर हैं। कोहली ने वानखेड़े में अपने टी-20 करियर का 9वां 50+ स्कोर 23 मैचों में पूरा किया।

**रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर आरसीबी के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की, जिन्होंने 2013 में 17 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। इस लिस्ट में टॉप पर रोमारियो शेफर्ड हैं, जिन्होंने 2025 में 14 गेंदों में यह किया था।**

### 'ये काम नहीं', लगातार तीसरी हार के बाद फूटा हार्दिक पांड्या का गुस्सा

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया है कि रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली कराआईपीएल 2026 के 20वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराया। आरसीबी से मिले 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एमआई 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 222 रन ही बना सकी। यह चार मैचों में मुंबई की तीसरी हार है तो आरसीबी ने चार मैचों में तीन जीत हासिल कर लिए हैं। ऐसे में हार की हैट्रिक लगाने के बाद मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पोस्ट मैच प्रेंजेंटेशन में निराश नजर आए।मुंबई इंडियंस की हार के बाद हार्दिक पांड्या ने बैटिंग से ज्यादा बॉलिंग यूनिट को जिम्मेदार ठहराया। हार्दिक ने मैच के बाद हुई पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा, हमने बहुत ज्यादा विकेट गंवाए और साथ ही, मुझे लगता है कि हमने बहुत ज्यादा रन भी दे दिए।

### फाइनल में चीनी खिलाड़ी से हारे, 60 साल बाद कोई भारतीय खिताबी मुकाबला खेल रहा था

# आयुष शेट्टी ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिल्वर जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शटलर आयुष शेट्टी को बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। फाइनल मुकाबले में उन्हें चीन के शी यू की के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 60 सालों के बाद किसी भारतीय ने चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में जगह बनाई थी। आयुष से पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में मेंस सिंगल्स में गोल्ड जीता था।

इस हार के बावजूद आयुष ने अपने करियर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वो बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय मेंस शटलर बन गए हैं।



### टूर्नामेंट में भारत का 19वां मेडल

बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप 1962 से खेली जा रही है। टूर्नामेंट में यह भारत का कुल 19वां मेडल है। भारत ने अब तक 2 गोल्ड, 1 सिल्वर (आयुष) और 16 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। 1965 में दिनेश खन्ना ने सिंगल्स में और 2023 में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने मेंस डबल्स में गोल्ड जीता था।

इससे पहले 1965 में दिनेश खन्ना ने इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीता था। खन्ना के बाद फाइनल तक का सफर तय करने वाले आयुष पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

**रविवार को चीन के झेजियांग में खेले गए फाइनल में आयुष का मुकाबला दुनिया के नंबर-2 खिलाड़ी शी यू की से था। 20 साल के आयुष यह मैच 8-21, 10-21 से सीधे गेम में हार गए।**

### सेमीफीइनल में डिफेंडिंग चैंपियन को हराया

इस पूरे टूर्नामेंट में आयुष का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 1, वर्ल्ड नंबर 4 और वर्ल्ड नंबर 7 जैसे टॉप रैंक वाले खिलाड़ियों को हराया था। शनिवार को हुए सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-25 आयुष ने डिफेंडिंग चैंपियन और नंबर-1 प्लेयर कुन्लावत वितिदसर्न को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

## मनोरंजन

### बॉलीवुड को लेकर अमीषा पटेल के भाई अशिमत की दो टूक

# 'पैसे के लिए काम नहीं'

नई दिल्ली। गदर एक प्रेम कथा से इंडस्ट्री में अपनी धाक जमाने वालीं अभिनेत्री अमीषा पटेल की तरह उनके भाई अश्मित पटेल ने भी बॉलीवुड में बतौर एक्टर अपनी किस्मत आजमाई। अश्मित का आगाज हिंदी सिनेमा में काफी शानदार रहा, लेकिन वक्त के साथ वह अब एक तरह से गुमनामी के अंधेरे में हैं। हाल ही में अश्मित पटेल ने एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान सिनेमा जगत में काम मिलने और पैसे के आधार पर काम करने के मामले को लेकर खुलकर बात की है। हाल ही में रिलीज हुए म्यूजिक वीडियो साडी फरमाइश में नजर आए अश्मित पटेल कहते



'मेरी प्राथमिकता बस इतनी है कि अच्छा काम करूं। मैं औसत दर्जे का काम नहीं करना चाहता हूं। बीच में मेरी कुछ फिल्में नहीं चली। मैं मानता हूं कि मैंने उस समय कुछ चीजों के साथ समझौता किया था। जहां मुझे 19-20 भी लग रहा था, लेकिन पैसे अच्छे मिल रहे थे, तो वो भी कर लिया। मुझे अपनी रचनात्मक संतुष्टि के साथ काम करते रहना था। अब मैं उस पड़ाव पर हूं, जहां मुझे सिर्फ पैसों के लिए काम करने की आवश्यकता नहीं है। अब मैं काम को लेकर सतर्क हूं।' अश्मित बताते हैं, 'जब मुझसे इस गाने के लिए संपर्क किया गया, तब चीजें तय हो चुकी थी। मुझे गाने के बारे में कास्ट से लेकर पृष्ठभूमि, संगीत और सह कलाकार के बारे में जो बताया गया, वो पसंद आया।'

**अश्मित पटेल सुपरस्टार सलमान खान के पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस का भी हिस्सा रह चुके हैं। अश्मित ने बतौर कंटेस्टेंट बिग बॉस सीजन 4 में नजर आए थे और फिनाले तक पहुंचे थे। वह इस सीजन सेकेंड रनर अप रहे थे।**

### बॉलीवुड में काम पर बोले अश्मित

फिल्मकार विक्रम भट्ट के साथ आवारा पागल दीवाना और राज जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट निर्देशक काम करने के बाद अश्मित पटेल ने साल 2003 में फिल्म इंतेहा से बतौर अभिनेता पदार्पण किया था। फिल्म मर्डर से लोकप्रियता बटोरने के बाद आगे उनकी कई फिल्में नहीं चली। अश्मित ने प्राथमिकताएं बदली हैं और जल्दबाजी में कोई काम नहीं करना चाहते हैं।

# 6 एपिसोड वाली सीरीज सस्पेंस में निकली सबकी बाप

### धांसू आईएमडीबी रेटिंग के दम पर ओटीटी पर जमाया कब्जा

नई दिल्ली। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कुछ दिन पहले साउथ सिनेमा की तरफ से एक वेब सीरीज को रिलीज किया गया है। सीरीज की कहानी 6 एपिसोड में सिमटी हुई है और इसका जॉनर साइको और सस्पेंस थ्रिलर है। इस वेब सीरीज में रोमांच अंत तक भरा हुआ है, जिसे देखकर आपके दिमाग के सारे गणित फेल हो जाएंगे। आलम ये है कि अब ये वेब सीरीज ओटीटी पर कब्जा जमाए हुए है, जिसका बड़ा कारण सीरीज को इंटरनेट मूवी डेटाबेस यानी आईएम-डीबी की तरफ से मिली पॉजिटिव रेटिंग है। आइए जानते हैं कि वह कौन सी थ्रिलर है।

जिस वेब सीरीज के बारे में इस



लेख में बात की जा रही है, वह आपको ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देखने को मिलेगी। फिलहाल ये सीरीज जियो हॉटस्टार पर टॉप ट्रेंडिंग में बनी हुई है। इस वेब सीरीज का नाम सीक्रेट स्टोरीजः रोसलिन है। ये सीरीज मलयालम सिनेमा से नाता रखती है, जिसमें सस्पेंस कूट-कूटकर भरा हुआ है। गौर किया जाए रोसलिन की कहानी की तरफ तो ये एक 18 साल की लड़की की कहानी है। जिसके छोटे भाई की मौत पानी में डूबने से हो जाती है और वह खुद को इसका जिम्मेदार मानती है। इसको लेकर वह गिल्ट में रहती है और उसे रात में डरावने सपने आते हैं, जिसकी वजह उसका परिवार उसे पागल समझता है। एक दिन उसके घर में एक किराएदार रहने आता है, ये वही शख्स है, जिसे वह लड़की अपने सपनों में हर रोज देखती है और उस घर से बाहर निकालने के लिए षडयंत्र रचने लगती है।



# लड़का चाहता था सोनम बाजवा जैसी दिखे मंगेतर

### लड़की ने तोड़ी सगाई, जानकर बॉर्डर 2 एक्ट्रेस को हुआ अफसोस

नई दिल्ली। सेलिब्रिटीज की जिंदगी में एक ना एक अजीब फैन मोमेंट जरूर आता है। एक बार पंजाबी और बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम बाजवा (Sonam Bajwa) को भी इससे गुजरना पड़ा। एक फैन ने एक्ट्रेस की वजह से अपनी सगाई तोड़ दी।

जी हां, बॉर्डर 2 की एक्ट्रेस सोनम बाजवा ने खुलासा किया कि एक फीमेल फैन ने उनकी वजह से अपने मंगेतर से सगाई तोड़ दी और अब वह किसी और से शादी करने जा रही हैं।

दरअसल, सोनम बाजवा टॉक शो फेमसली फिट विद सोफी में गईं जहां उन्होंने सोफी चौधरी के साथ अजीब फैन मोमेंट के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि एक फैन उनसे इतना ऑब्सेस्ड था कि अपनी मंगेतर को भी उनकी तरह ही



देखना चाहता था। एक लड़की मेरी तरफ आई और उन्होंने पूछा, 'क्या आप सोनम बाजवा हैं?' मैंने हां कहा और उन्होंने कहा, 'मुझे आपसे कुछ कहना है।' उन्होंने बताया कि मेरी वजह से उनकी सगाई टूट गई।'

लड़की की बात सुनकर सोनम बाजवा एकदम दंग रह गई थीं और उन्हें इसका अफसोस भी हो रहा था।

मुझे नहीं पता कि मुझे यह कहना चाहिए या नहीं कि यह सुनकर मुझे बहुत अफसोस हुआ, लेकिन मैं तो बस हैरान रह गई। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा कि अब वह बहुत खुश हैं और उन्होंने किसी और से सगाई कर ली है।

### 92 साल की उम्र में हुआ आशा भोसले का निधन, सोनू निगम बोले- 'दिल अभी भरा नहीं'

# सोनू निगम ने मंच पर धोए थे आशा भोसले के पैर

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के लिए बीता रविवार एक काले दिन के समान रहा। इंडस्ट्री में बतौर सिंगर करीब 8 दशकों तक राज करने वालीं आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। आशा ताई के यूं अचानक जाने से बॉलीवुड को बड़ा झटका लगा है और तमाम सेलेब्स उनके देहांत पर शोक जता रहे हैं। गायक सोनू निगम ने भी आशा भोसले की मौत पर अपनी गमगीन प्रतिक्रिया पेश की है।

इसके साथ ही सोनू ने सोशल मीडिया पर एक भावुक करने वाला पोस्ट भी शेयर किया है, जिसमें वह आशा भोसले के पैर धोते हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनून निगम ने लिखा है- हर एक दौर की सबसे महान गायिकाओं में से एक आशा भोसले का सफर का



आज समाप्त हो गया। इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के संगीत के सुनहरे दौर की आखिरी योद्धा ने आज इस दुनिया को अलविदा कह दिया और हम सभी से अपनी अंतिम विदाई ली। उन्होंने अपनी संगीत-साधना और अपनी जीवंत ऊर्जा से दशकों तक अरबों लोगों के जीवन को छुआ और प्रभावित किया। वह एक ऐसी उम्दा कलाकार रहीं, जिन्होंने जीवन के आखिरी पलों में भी रियाज के प्रति अपने जुनून से हम सभी को प्रेरित किया।आशा जी मैं आपके साथ बिताए उस पूरे सफर को हमेशा याद रखूंगा। बात साल 1994 की है, जब मैं पहली बार आपसे मिला और आपके साथ गाना गाया। वहां से लेकर दिसंबर 2024 में हमारे आखिरी कॉन्सर्ट तक और पिछले साल हमारे साथ गाए गए आखिरी दो युगल गीतों तक, मैं इस पूरे सफर को गर्व और खुशी के साथ याद करूंगा। मैं बस इतना ही कह सकता हू कि चले तो गए हो, पर दिल अभी भरा नहीं।

> **मायानगरी मुंबई में आज लीजेंडरी सिंगर आशा भोसले की अंतिम यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो आशा के जाने से सिनेमा जगत में संगीत की दुनिया के एक युग का अंत हो गया है।**

### आशा भोसले के निधन पर सोनू निगम का रिएक्शन

12 अप्रैल संडे को आशा भोसले ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। मल्टीपल ऑर्गेन फेलियर के चलते जिंदगी की जंग हारने वालीं आशा ताई को लेकर सोनू निगम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में एक तस्वीर भी मौजूद है, जिसमें सिंगर आशा भोसले के पैर धोते हुए नजर आ रहे हैं।

